# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




### निशीथ काल मध्यरात्रि से 12:45 तक

कृष्ण जन्माष्टमी की पूजा मध्य रात्रि में की जाती है और इस दिन निशीथ काल मध्य रात्रि 12 बजकर 1 मिनट से 12 बजकर 45 मिनट तक रहेगा, ऐसे में यह कृष्ण पूजन के लिए उत्तम मूहूर्त है। जन्माष्टमी पर जयंती योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि योग, गजकेसरी योग, रोहिणी योग, धन योग, शश राजयोग का शुभ संयोग भी बन रहा है।

*जयंती योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि, गजकेसरी, रोहिणी, धन और शश राजयोग का शुभ संयोग*

*आज मध्यरात्रि अवतरित होंगे यशोदा के लाल, निशीथ काल की पूजा मध्यरात्रि 12:01 से 12:45 तक*

## सुबह 8:21 को प्रारंभ होगी अष्टमी तिथि, द्वापर युग में जिस योग में अवतरित हुए श्रीकृष्ण, आज वही कालचक्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

यशोदा के लाल आज मध्यरात्रि अवतरित होंगे। ज्योतिषीय गणना के मुताबिक, इस बार कृष्ण जन्माष्टमी पर वही योग-संयोग निर्मित हो रहे हैं, जो कृष्ण जन्म के वक्त द्वापर युग में थे। सोमवार को भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि दिन में 8 बजकर 20 मिनट तक रहेगी। इसके बाद अर्थात 8 बजकर 21 मिनट को अष्टमी तिथि प्रारंभ होगी, जो कि अगले दिन प्रातः 6 बजकर 34 मिनट तक ⏭ शेष पेज 4 पर



### मध्यरात्रि पंचामृत से करें अभिषेक

भक्तगण मध्यरात्रि 12 बजे भगवान का पंचामृत से अभिषेक और पूजन कर व्रत खोलें। श्रीकृष्ण मध्यरात्रि रोहिणी नक्षत्र में अवतरित हुए थे, इसलिए पूजन का सर्वश्रेष्ठ समय यही है।

\- पं. आशु गोस्वामी, मुख्य पुजारी राधा-रानी मंदिर, बरसाना

### पद्म पुराण में है इस संयोग का जिक्र

ग्रंथों के अनुसार, भाद्रपद कृष्ण अष्टमी यदि रोहिणी नक्षत्र और सोमवार से संयुक्त हो जाए तो वह जयंती नाम से विख्यात होती है। जन्म-जन्मांतरों के पुण्य संचय से कृष्ण पूजन का ऐसा दुर्लभ योग मिलता है। जिस मनुष्य को जयंती योग में उपवास का सौभाग्य मिल जाता है, उसके कोटि जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं और वह जन्म बंधन ⏭ शेष पेज 4 पर

हरिभूमि खास

### एक दिन पूर्व करते हैं लॉकअप की सफाई

माधव यादव के मुताबिक, जन्माष्टमी के एक दिन पूर्व कोतवाली थाने के लॉकअप की अच्छी तरह से साफ-सफाई की जाती है। इसके बाद पुलिसकर्मी ही लॉकअप सजाते हैं। उनके पास एक प्रतीकात्मक, प्लास्टिक से बने हुए भगवान कृष्ण हैं, जिसमें बच्चे के रोने का एक टाइमर ऑडियो है। जन्माष्टमी को रात के जैसे ही 12 बजते हैं, कारागार से रोने की आवाज आने लगती है। इसके बाद हथकड़ी से बंधे माता देवकी तथा वासुदेव के साथ भगवान श्रीकृष्ण को फूलों से सजी टोकरी में रखकर गोपाल मंदिर ले जाया जाता है। जहां गोपाल मंदिर में भव्य आयोजन किया जाता है।

## कोतवाली की बैरक में आधी रात गूंजेगी बच्चे के रोने की आवाज, सिपाही होंगे बेहोश और फिर निकलेंगे 'वासुदेव'

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोमवार को कृष्ण जन्माष्टमी है। देश, राज्य और शहर भर में कान्हा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा, पर राजधानी में एक आयोजन बेहद खास होता है। कोतवाली की असली बैरक में श्री कृष्ण का जन्म होगा, रुदन गूंजेगा, सिपाही निद्रा में जाएंगे और देवकी-वासुदेव बैरक से निकलकर गोपाल मंदिर जाएंगे। इसमें देवकी-वासुदेव की ⏭ शेष पेज 4 पर

### पुलिस मनाएगी कृष्ण जन्मोत्सव, बैरक को सजाएंगे




### कारागार में पहरा देने दो सिपाही तैनात

भगवान श्रीकृष्ण का जन्म कारागार में हुआ। इस बात को ध्यान में रखते हुए पूरी तैयारी की जाती है। कारागार की सुरक्षा में दो सिपाहियों की तैनाती की जाती है। भगवान श्रीकृष्ण को लेकर वासुदेव कारागार से जैसे ही निकलते हैं, सुरक्षा में तैनात सिपाही बेहोश होने का अभिनय करते हैं। कारागार में रात के 12 बजे जैसे ही रोने की आवाज आती है, वैसे ही मौके पर उपस्थित श्रद्धालु ⏭ शेष पेज 4 पर






केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने की एनसीबी दफ्तर का उदघाट्न, कहा– 2047 तक नशामुक्त भारत का संकल्प

## छग में नशीली दवाओं का उपयोग अधिक, गांजा की खपत भी राष्ट्रीय औसत से ज्यादा... यह बड़ी चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का आंचलिक कार्यालय खुल गया, जाहिर है, नशे के धंधे पर अंकुश लगेगा। इस कार्यालय का केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को ऑनलाइन उद्घाटन किया। साथ ही छत्तीसगढ़ में मादक पदार्थों के परिदृश्य पर समीक्षा बैठक की, जिसमें उन्होंने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि छत्तीसगढ़ में सिडेटिव और गांजा का उपयोग राष्ट्रीय औसत से ज्यादा है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने यह भी कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 2047 में भारत की आज़ादी के शताब्दी वर्ष में नशामुक्त देश का संकल्प अब हर देशवासी का संकल्प बनता जा रहा है। ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या है। उन्होंने कहा, ड्रग्स के नेटवर्क को जड़ से समाप्त करें। साथ ही ड्रग पेडलर की संपत्ति को भी जब्त करें।

श्री शाह ने कहा, भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को शिद्दत, गंभीरता और एक संपूर्ण रणनीति के साथ लड़ेंगे तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। भारत में नारकोटिक्स का अवैध व्यापार राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ जुड़ा हुआ है। ड्रग्स के अवैध व्यापार से अर्जित धन आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद को बढ़ावा देता ⏭ शेष पेज 4 पर




- ड्रग्स सिर्फ भारत की ही नहीं बल्कि एक वैश्विक समस्या
- नशामुक्त भारत का संकल्प एक समृद्ध सुरक्षित व वैभवशाली देश के निर्माण के लिए जरूरी

### छत्तीसगढ़ में गांजा का उपयोग राष्ट्रीय औसत से अधिक

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, आज एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन हुआ है। ये जोनल ऑफिस न सिर्फ राज्य बल्कि पूरे क्षेत्र में नारकोटिक्स पर नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा लक्ष्य है कि देश के हर राज्य में एनसीबी की उपस्थिति हो। मोदी सरकार हर राज्य में एनसीबी के कार्यालय की स्थापना कर राज्य सरकारों के सहयोग से नशे के कारोबार को ख़त्म करेगी। उन्होंने कहा, आज ड्रग्स ट्रैफिकिंग का ट्रेंड बदल रहा है और ये नैचुरल से सिंथेटिक ⏭ शेष पेज 4 पर

### 22 हजार करोड़ का ड्रग्स पकड़ा गया

शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई में शासन के संयुक्त अप्रोच अपनाने से ही हमें पूर्ण सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 साल में एनसीबी की परफार्मेंश बहुत अच्छी रही है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2004 से 2014 तक कुल 1,250 केस दर्ज हुए जबकि 2014 से 2024 तक के 10 साल में 230 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,150 केस दर्ज हुए। 2004 से 2014 के बीच कुल 1,360 अरेस्ट हुए जो अब 6,300 हो गए हैं। ⏭ शेष पेज 4 पर

### अंतर्राज्यीय मामले एनसीबी को दें

श्री शाह ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक संगठित अप्रोच के तहत हम 10 साल में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई को एक अंजाम तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नशामुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए देश के युवा और आम जनता के बीच मादक ⏭ शेष पेज 4 पर

## शाह बोले- हर पंचायत में होगी एक सहकारी समिति




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को राज्य में सहकारिता के विस्तार से संबंधित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों में पानी समिति के रूप में प्रायमरी एग्रीकल्चर क्रेडिट सोसायटी (पीएसीएस) का शुभारंभ भी किया। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए देश की हर पंचायत में ⏭ शेष पेज 4 पर

- केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में किया पैक्स का शुभारंभ

### प्रदेश में 4 नए जिला सहकारी बैंक खुलेंगे

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा, वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में कुल 6 जिला सहकारी केंद्रीय बैंक हैं और निकट भविष्य में राज्य में पैक्स के विस्तार को ध्यान में रखते हुए कम से कम 4 और जिला सहकारी बैंक की स्थापना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के ग्रामीण और ⏭ शेष पेज 4 पर

### तीन सहकारी मिलों में 6 माह में एथेनॉल का उत्पादन

शाह ने कहा, इथेनॉल उत्पादन के लिए एनसीसीएफ, नेफेड और राज्य के बीच अनुबंध होना चाहिए। छत्तीसगढ़ में 4 सहकारी चीनी मिल हैं, जिनमें से सिर्फ एक मिल में एथेनॉल उत्पादन प्लांट है। बाकी 3 सहकारी चीनी मिलों में 6 महीने के अंदर मल्टीफीड एथेनॉल उत्पादन प्लांट लगाए जाएं, जिससे मक्का और गन्ना आदि से एथेनॉल उत्पादन किया जा सके। उन्होंने कहा, इसमें केंद्र सरकार मदद करेगी।

## खबर संक्षेप

### इंजन से अलग हो गईं ट्रेन की कुछ बोगी



**बिजनौर।** बिजनौर जिले में रविवार को धनबाद जा रही गंगा सतलुज एक्सप्रेस ट्रेन की कुछ बोगियां इंजन से अलग हो गईं और पीछे रह गईं। ट्रेन को स्योहारा रेलवे स्टेशन पर रोका गया है। किसी भी यात्री के घायल होने की सूचना नहीं है।

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट, दो की मौत



**डिंडीगुल।** तमिलनाडु के डिंडीगुल जिले में एक पटाखा बनाने वाली फैक्टरी में विस्फोट हो गया। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना नाथम के पास हुई। घटना के बाद से फैक्टरी का मालिक फरार है।

### अब तक नहीं मिला लापता प्रशिक्षक विमान



**जमशेदपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से 20 अगस्त को उड़ान भरने के बाद लापता हुआ प्रशिक्षक विमान का पता लगाने तलाश अभियान जारी रहा। नौसेना और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के दल दो सीट वाले विमान सेसना-152 का पता लगाने अभियान चला रहे हैं।

### ट्रक-बाइक पर पलटा तीन युवकों की मौत



**जयपुर।** राजस्थान के चूरू जिले के सालासर थाना क्षेत्र में बीती रात लकड़ियों से भरा ट्रक बाइक पर पलट गया। इससे बाइक सवार तीन युवकों की मौत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार शाहरुख खान (22), सोयल (20), और सद्दाम (18) की मौत हो गई।

### मशहूर अदाकारा आशा शर्मा का निधन



**मुंबई।** टीवी इंडस्ट्री की मशहूर अदाकारा आशा शर्मा का आज निधन हो गया है, जिससे पूरी टीवी इंडस्ट्री शोक में है। आशा के निधन की जानकारी सिने एंड टीवी आर्टिस्ट एसोसिएशन के आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर साझा की गई है।

अभिनेत्री और सांसद के कड़वे बोल पर बवाल

## कंगना बोलीं- किसान आंदोलन के दौरान रेप और हत्याएं, भड़की कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत ने एक बार फिर किसान आंदोलन पर विवादित टिप्पणी की है। एक अखबार को दिए हालिया इंटरव्यू में कंगना ने कहा कि अगर सरकार मजबूत नहीं होती तो किसान आंदोलन के समय पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। भाजपा सांसद ने आरोप लगाया कि किसान आंदोलन के समय उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे और उनकी प्लानिंग बहुत लंबी थी। वहां रेप और हत्याएं भी हुई थीं। कंगना के इस बयान पर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है और माफी मांगने की मांग की है। कंगना ने साक्षात्कार में कहा कि पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां रेप और हत्याएं हो रही थीं।

### भड़की कांग्रेस बोली- एनएसए लगाओ

कंगना रनौत के बयान पर कांग्रेस भड़क गई है। पंजाब के पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता राजकुमार वेरका ने मांग की है कि कंगना पर एनएसए लगाकर उन्हें असम की डिब्रूगढ़ जेल भेजा जाए। वह रोज पंजाब के नेताओं के खिलाफ जहर उगलती हैं और अब उन्होंने कहा है कि किसान आंदोलन के समय रेप व हत्याएं हुईं। वह किसके शाह पर बोल रही हैं, इसकी सफाई बीजेपी को देनी चाहिए। वह भाजपा से चुनी गई हैं, जबकि कोई आम कलाकार नहीं हैं। वेरका ने पंजाब सीएम भगवंत मान से कंगना के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने की मांग की है।

### आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' सुर्खियों में

बता दें कि कंगना की आने वाली फिल्म इमरजेंसी सुर्खियों में है। पंजाब में फिल्म का विरोध हो रहा है। पंजाब के निर्दलीय सांसद सरबजीत सिंह खालसा ने ट्रेलर में दिखाए गए दृश्यों पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि इसमें सिखों को गलत तरीके से पेश किया गया है। उन्होंने इसकी रिलीज पर रोक लगाने की मांग की है। वहीं, सिखों की सर्वोच्च संस्था एसजीपीसी भी इस पर बैन लगाने की मांग कर रही है। एसजीपीसी अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने आरोप लगाया था कि सिखों के चरित्र को गलत तरीके से पेश करने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' पर तत्काल प्रतिबंध लगना चाहिए।

*रायपुर में चल रहा था उपचार*

## छग में स्वाइन फ्लू से एक और की मौत, अब तक पांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

स्वाइन फ्लू से मौत का मामला सामने आया है। मृतक कोरिया जिले के पटना का रहने वाला था। एच1एन1 संक्रमित बुजुर्ग का उपचार रायपुर में चल रहा था। छत्तीसगढ़ में अब तक 5 लोगों की स्वाइन फ्लू से मौत हो चुकी है। मरीज के वेंटिलेटर में जाने के बाद परिजन स्वेच्छा से मरीज को डिस्चार्ज कराकर वापस सरगुजा ले आए थे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में वेंटिलेटर पर रखा गया था। रविवार ⏭ शेष पेज 4 पर

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कराया गया था भर्ती




### हुई है एक मौत

स्वाइन फ्लू से ग्रसित मरीज का उपचार रायपुर में चल रहा था। मरीज के वेंटिलेटर पर जाने के बाद परिजन स्वेच्छा से डिस्चार्ज कराकर घर ले जा रहे थे। इस बीच वे मेडिकल कॉलेज पहुंचे जहां मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया था। मरीज की हालत पहले से खराब थी और उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

\- डॉ. जेके रेलवानी, सिविल सर्जन सह प्रभारी अस्पताल अधीक्षक

### सरगुजा संभाग में अब तक तीन की मौत

विदित हो कि संभाग में स्वाइन फ्लू से मौत का यह तीसरा मामला है। इससे पहले कोरिया पटना के पण्डोपारा स्थित कॉलरी कर्मी की पत्नी एच 1 एन 1 से संक्रमित पाई गई थी, जिनका उपचार रायपुर के अपोलो हॉस्पिटल में चल रहा था। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई थी। हाल ही में एमसीबी जिले के मनेंद्रगढ़ निवासी कॉलरीकर्मी की स्वाइन फ्लू से मौत हो चुकी है।

आरोपी के पास से 3 नग एयर गन व छर्रा बरामद

## एयर गन से बंदर को मारा, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



ग्राम राजानवागांव में वन्यप्राणी बंदर के शिकार का मामला सामने आया है। प्रकरण में वन विभाग एवं कवर्धा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जहां एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, वहीं आरोपी के घर से 3 एयर गन तथा 26 नग छर्रा बरामद किए गए हैं। वनमंडलाधिकारी कवर्धा से ⏭ शेष पेज 4 पर

### पुलिस की मदद से आरोपी को पकड़ा

इस मामले में वन विभाग की टीम ने पुलिस की मदद ली गई और बंदर का एयर गन से शिकार करने वाले ग्राम राजानवागांव के निवासी कौशल सोनी को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं आरोपी के घर की तलाशी में उसके पास से 3 नग एयर गन तथा 26 नग छर्रा बरामद किए गए हैं।

हरिभूमि में लगातार खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में

*मुंगेली डीईओ ने 27 अगस्त की सुबह उपस्थित होने नोटिस दिया*

## फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट का भंडाफोड़, 5 शिक्षकों को रायपुर मेडिकल बोर्ड के सामने करानी होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खबर का असर

महाराष्ट्र की आईएएस पूजा खेड़कर के फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट का भंडाफोड़ होने के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में फर्जी सर्टिफिकेट के जरिए नौकरी हथियाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों की जांच तेज हो गई है। इस क्रम में मुंगेली में पांच शिक्षकों के खिलाफ भी इसी तरह का प्रकरण सिस्टम के सामने ⏭ शेष पेज 4 पर

### कृषि विभाग की जांच अधिक जरूरी

विकलांग संघ के मुताबिक अकेले 53 लोग कृषि विभाग में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के पद पर पदस्थ हैं। वहीं तीन लोग कृषि शिक्षक के पद पर काबिज हैं। ध्यान रहे राज्य शासन की ओर से दिव्यांगों की विशेष भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। सबसे पहले ग्रामीण कृषि विस्तार ⏭ शेष पेज 4 पर



हरिभूमि

हरिभूमि के खुलासे से हड़कंप, आनन-फानन में बुलाई गई ज्वाइंट कमेटी की बैठक, अब राज्य मेडिकल बोर्ड में होगा टेस्ट

### इन विभागों में सालों से कर रहे नौकरी

दिव्यांग संघ के प्रदेश अध्यक्ष बोहित राम चन्द्राकर ने बताया कि वर्तमान में पीएससी से सलेक्ट होकर 7 डिप्टी कलेक्टर, 3 नायब तहसीलदार, 3 लेखा अधिकारी, 3 पशु चिकित्सक, 2 सहकारिता निरीक्षक सहित 21 लोग फर्जी दिव्यांग प्रमाण-पत्र लगाकर सरकारी नौकरी कर रहे है। लगातार शिकायतों के बाद भी जांच नहीं हो रही है और अधिकारी मामले को दबाकर बैठे हैं। इसमें उनकी मिलीभगत भी है।

### जांच करानी होगी

विकलांग संघ की ओर से मिली शिकायत के बाद मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। पांचों शिक्षकों को अब दिव्यांगता को प्रमाणित करने के लिए रायपुर के मेडिकल कालेज अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इसके लिए 27 अगस्त को रायपुर मेडिकल बोर्ड के सामने जांच करानी होगी।

\- सीके धृतलहरे, जिला शिक्षा अधिकारी, मुंगेली

*बोइंग विमान से इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर पहुंचीं सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की वापसी अब इस साल संभव नहीं है। जानकारी के मुताबिक जिस विमान (बोइंग स्टारलाइनर) में वह गईं थीं, उससे वापसी रिस्की थी, इसलिए फैसला किया गया है कि स्टारलाइनर को बिना किसी अंतरिक्ष यात्री के वापस लाया जाएगा।*

## वापस लाना रिस्की इसलिए खाली आएगा स्टारलाइनर

# नासा ने बदला प्लान, 2025 तक धरती पर वापस लौटेंगी सुनीता विलियम्स!

## बोइंग के लिए बड़ा झटका माना जा रहा हालिया फैसला

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

नासा ने बताया कि अब फरवरी 2025 में दोनों अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी पर लौटने की उम्मीद है। नासा ने इस काम के लिए स्पेस एक्स के ड्रेगन क्रू कैप्सूल को चुना है। इस कैप्सूल को बनने के बाद से 46 बार लॉन्च किया जा चुका है। बता दें, अंतरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने पांच जून को बोइंग के स्टारलाइनर से अंतरिक्ष में उड़ान भरी थी। इस परीक्षण उड़ान के दौरान थ्रस्टर में खराबी आ गई और हीलियम रिसाव के कारण नासा ने कैप्सूल को स्टेशन पर ही खड़ा रखा है।

**बोइंग को 83.81 अरब रुपए का नुकसान**

बोइंग ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि अंतरिक्ष और जमीन पर थ्रस्टर के परीक्षण से पता चला है कि स्टारलाइनर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाने में सक्षम है। यह बोइंग की पहली परीक्षण उड़ान थी जिसमें चालक दल सवार था। स्पेस शटल के हटने के बाद नासा ने अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष स्टेशन पर आवाजाही का काम बोइंग और स्पेसएक्स को सौंपा है। स्पेसएक्स 2020 से यह काम कर रहा है। हालांकि अब अंतरिक्ष यात्रियों के वापस लिए बिना स्टारलाइनर की वापसी बोइंग के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, इन नवीनतम घटनाक्रम ने बोइंग की परेशानी को और बढ़ा दिया है, क्योंकि स्टारलाइनर कार्यक्रम में अनुमानित नुकसान 1 अरब डॉलर (करीब 83.81 अरब रुपये) से ज्यादा है।



**दोनों अंतरिक्ष यात्री काफी पेशेवर**

*नासा के चीफ एस्ट्रोनॉट जो अकाबा ने कहा कि सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर काफी अनुभवी हैं। उन्होंने इस मिशन के लिए पहले से ही तैयारी की थी। उन्हें यह भी पता था कि ये एक टेस्ट फ्लाइट है और हो सकता है इसमें सब कुछ ठीक न हो। उन्होंने कहा कि बोइंग मिशन की पायलट सुनीता विलियम्स को करीब 322 दिन अंतरिक्ष में रहने का अनुभव है। दोनों अंतरिक्ष यात्री काफी पेशेवर हैं और वह अच्छी तरह से काम कर रहे हैं।*

### ड्रैगन कैप्सूल की खासियत

ड्रैगन कैप्सूल ने करीब 42 बार स्पेस स्टेशन की यात्रा की है। सात लोग इसके अंदर बैठ सकते हैं। यह दुनिया का पहला प्राइवेट स्पेसक्राफ्ट है। यह लगातार स्पेस स्टेशन पर एस्ट्रोनॉट्स और कार्गो को लेकर आता-जाता रहा है। 7700 किलो का इसका वजन है। यह उस समय है जब वह खाली होता है। यह कार्गो और एस्ट्रोनॉट्स के साथ में लॉन्च किया जाता है तो इसका वजन करीब 12,500 किलो तक पहुंच जाता है। अब अगर किसी आर्बिट में इसके वजन ले जाने की बात करें तो यह छह हजार किलो तक का वजन लेकर जा सकता है। यह स्पेश स्टेशन तक 3307 किलो वजन पहुंचा सकता है। इतना ही नहीं यह उतना ही वजन वापस ला सकता है। ज्यादातर इसमें दो से चार ही एस्ट्रोनॉट्स बैठते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजनाथ के खिलाफ वीडियो यूट्यूबर पर मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से जुड़ा एक आपत्तिजनक वीडियो अपलोड करने के आरोप में गाजियाबाद में एक यूट्यूबर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।



शालीमार गार्डन के एसएचओ राजेश कुमार ने कहा कि साइबर टीम वीडियो की जांच कर रही है। साहिबाबाद निवासी राजेश सिंह पर धारा 197 (भारत की एकता, संप्रभुता, अखंडता या सुरक्षा को खतरे में डालने वाली झूठी या भ्रामक जानकारी प्रकाशित करना), 353 (झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाना) और आईटी अधिनियम की धारा 66 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### सऊदी में भूख-प्यास से तड़पकर भारतीय की मौत

**रियाद।** सऊदी अरब के रुब अल खली रेगिस्तान में फंसे 27 वर्षीय भारतीय युवक की थकावट और डिहाइड्रेशन के चलते मौत हो गई।



मृतक की पहचान मोहम्मद शहजाद खान के रूप में हुई है, जो तेलंगाना के करीमनगर जिले का रहने वाला था। वह तीन साल से सऊदी अरब स्थिति एक टेलीकॉम कंपनी में काम करता था। शहजाद के साथ एक सूडानी नागरिक था। उसकी भी मौत हो गई। बताया गया है कि शहजाद और उसका सूडानी साथी जीपीएस सिग्नल फेल होने के चलते रेगिस्तान में खो गए थे।

### कूनो नेशनल पार्क के चीते फिर होंगे आजाद

**भोपाल।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से बड़ी खबर सामने आयी है।



बीते एक साल से बाड़े में बंद चीते फिर आजाद होंगे। मानसून की विदाई के साथ चीतों को जंगल में छोड़ा जायेगा। कूनो नेशनल पार्क के सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि 25 चीतों में 13 वयस्क और 12 शावक हैं। चीतों की लगातार मौत के बाद एक साल पहले प्रबंधन ने बड़ा फैसला लिया था। फैसले के तहत चीते बाड़े में बंद कर दिये गये थे। अब एक बार फिर खुले जंगल में आजाद कर दिये जायेंगे।

## कोलकाता मर्डर केस पर बोले प्रधानमंत्री

# महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं, अत्याचारियों को मिलेगी कड़ी सजा : मोदी

एजेंसी ▶▶| महाराष्ट्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के जलगांव पहुंचे। यहां उन्होंने लखपति दीदी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कोलकाता मर्डर केस पर कहा, 'महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा देने के लिए हमारी सरकार भी लगातार कानून सख्त कर रही है।' पीएम ने कहा, महिलाओं के खिलाफ अपराध माफी योग्य नहीं है। दोषी बचने नहीं चाहिए, सरकारें तो आती जाती रहती हैं। उन्होंने आगे कहा, आज इतनी बड़ी संख्या में देश की बहनें-बेटियां यहां हैं। पहले शिकायतें आती थीं कि एफआईआर समय पर दर्ज नहीं होती थी, सुनवाई नहीं होती थी, मामलों में देरी होती थी, पर अब ऐसा नहीं होता।

**खास बातें**

- जलगांव, महाराष्ट्र में लखपति दीदी सम्मेलन को किया संबोधित
- 11 लाख नई 'लखपति दीदी' का किया सम्मान



### 'घर से ही एफआईआर दर्ज करा सकती हैं महिलाएं'

पीएम ने ये भी कहा, 'हमने भारतीय न्यायिक संहिता के एक पूरे अध्याय में ऐसी कई बाधाओं को दूर किया है इसमें महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार को लेकर बनाया गया है। अगर पीड़ित महिलाएं पुलिस स्टेशन नहीं जाना चाहती हैं तो वे घर से ही ई-एफआईआर दर्ज करा सकती हैं। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि कोई भी पुलिस स्टेशन स्तर पर ई-एफआईआर के साथ छेड़छाड़ नहीं कर पाएगा।" पीएम ने 11 लाख लखपति दीदी को सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया। जलगांव कार्यक्रम में, पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में महिलाओं के लिए आजादी के बाद सभी पिछली सरकारों की तुलना में अधिक काम किया है।

### '2014 तक 25,000 करोड़ से कम का ऋण दिया गया'

पीएम मोदी ने ये भी कहा, '2014 तक महिला स्वयं सहायता समूहों को 25,000 करोड़ से कम ऋण दिए गए थे, लेकिन पिछले 10 वर्षों में 9 लाख करोड़ दिए गए।' पीएम मोदी ने इस मौके पर आगे कहा, लखपति दीदी बनाने का ये अभियान, सिर्फ बहनों-बेटियों की कमाई बढ़ाने का ही अभियान नहीं है, बल्कि ये पूरे परिवार को, आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने का महा अभियान है।

### जो हमने किया वो किसी ने नहीं किया

पीएम मोदी ने कहा कि मैं आज चुनौती देता हूं- पहले की सरकारों के सात दशक एक तरफ रख लीजिए और दूसरे तराजू में मोदी सरकार के 10 साल रख लीजिए, जितना काम मोदी सरकार ने देश के बहन-बेटियों के लिया किया है, वो आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया है। उन्होंने कहा कि ये हमारी सरकार ने तय किया कि जो गरीबों के घर सरकार बनाती है तो वो महिलाओं के नाम पर रजिस्टर्ड हों। अभी तक जो 4 करोड़ घर बने हैं, वो अधिकतर महिलाओं के नाम पर हैं। अभी हम 3 करोड़ और घर बनाने वाले हैं, इनमें से भी अधिकतर घर हमारे माताओं-बहनों के नाम पर ही होंगे।

### 11 लाख महिलाओं को बांटे सर्टिफिकेट

प्रधानमंत्री मोदी लखपति दीदी सम्मेलन के तहत, 11 लाख नई 'लखपति दीदी' को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया, जिन्होंने उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान इस मुकाम को हासिल किए हैं। पीएम मोदी ने 2,500 करोड़ का रिवॉल्विंग फंड भी जारी किया। इससे 4.3 लाख स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के लगभग 48 लाख सदस्यों को लाभ होगा। पीएम मोदी ने 5,000 करोड़ का बैंक ऋण भी वितरित किया। इससे 2.35 लाख एसएचजी के 25.8 लाख सदस्य लाभान्वित होंगे।

# पाक ने पीएम मोदी को एससीओ मीटिंग में आने का दिया न्योता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



पाकिस्तान ने शंघाई को-ऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन के काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट सीएचजी समिट के लिए पीएम मोदी को इस्लामाबाद आने का न्योता दिया है। पाकिस्तान 15-16 अक्टूबर के बीच एससीओ की मीटिंग होस्ट करेगा। भारत के अलावा संगठन के दूसरे सदस्य देशों के हेड ऑफ गवर्नमेंट को भी न्योता दिया गया है। हालांकि, इस बात की उम्मीद बेहद कम है कि पीएम मोदी इस बैठक के लिए इस्लामाबाद जाएंगे। हालांकि, वे किसी मंत्री को बतौर प्रतिनिधि बैठक में शामिल होने के लिए भेज सकते हैं। पिछले साल किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक ने एससीओ की सीएचजी बैठक होस्ट की थी। इसमें भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर शामिल हुए थे।

# केजरीवाल को लगा बड़ा झटका भाजपा में शामिल हुए 5 आप पार्षद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



राजधानी दिल्ली में सियासी पारा विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही तेजी से चढ़ रहा है। पिछले लगभग 5 महीनों से जेल में बंद अरविंद केजरीवाल की गैरमौजूदगी में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी मुसीबतों का सामना कर रही है। वहीं आज आम आदमी पार्टी को उसके ही 5 पार्षदों ने झटका देते हुए भाजपा से हाथ मिला लिया और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ले ली है। आप की 'झाड़ू' छोड़कर बीजेपी का 'कमल' थामने वाले पांचों ही पार्षदों ने आज दिल्ली प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और लोकसभा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी की मौजूदगी में पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ली है। इस डेवलपमेंट को विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी में एक बड़ी सियासी उठापटक के तौर पर देखा जा रहा है।

## 11 मिलिट्री ठिकानों को बनाया टारगेट

# हिजबुल्लाह ने किया इजराइल पर जबरदस्त हमला, दागे 320 ड्रोन



एजेंसी ▶▶| तेलअवीव

ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह से बढ़ते खतरे को देखते हुए इजराइली सेना ने रविवार को लेबनान में ताबड़तोड़ हवाई हमले किए। इन हमलों के जवाब में हिजबुल्लाह ने भी इजराइल पर ड्रोन से एक साथ 320 हमले किए हैं और उनके 11 मिलिट्री ठिकानों को टारगेट किया है। हमले की जिम्मेदारी लेते हुए हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने अपने सैन्य कमांडर फुआद शुक्र की हत्या के जवाब में हमला किया है। हिजबुल्लाह ने तमाम हमले उत्तरी इजराइल में किए गए हैं। हिजबुल्लाह ने इजराइल के खिलाफ बदले की कार्रवाई का भी एलान किया है।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसने विशेष सैन्य लक्ष्य के साथ-साथ इजराइल के आयरन डोम प्लेटफॉर्म और अन्य साइटों पर हमला किया, लेकिन पूरी तरह से जवाबी कार्रवाई में कुछ समय लगेगा। इजराइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने आईडीएफ द्वारा पूर्वव्यापी हमले शुरू करने के बाद अपने अमेरिकी समकक्ष लॉयड ऑस्टिन से बात की।

### इजराइल का भी पलटवार 100 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक

जवाबी कार्रवाई में इजराइल ने भी लेबनान में 100 से ज्यादा ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की है। साथ ही देश में 48 घंटे की इमरजेंसी घोषित कर दी है। तेल अवीव में प्रधानमंत्री नेतन्याहू और रक्षा मंत्री योआव गैलंट हालात पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। सुरक्षा कैबिनेट बैठक की शुरुआत में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा, "आज सुबह हमें इजराइल पर हमला करने के लिए हिजबुल्लाह के प्लान की जानकारी मिली. रक्षा मंत्री और आईडीएफ चीफ-ऑफ-स्टाफ के साथ सहमति के बाद हमने आईडीएफ को खतरे को खत्म करने के लिए कार्रवाई शुरू करने का निर्देश दिया। तब से, आईडीएफ खतरों को विफल करने के लिए कड़ी कार्रवाई कर रहा है। आईडीएफ ने उत्तरी इजराइल की तरफ दागे गए हजारों रॉकेटों को नष्ट कर दिया है।

## हाईकोर्ट ने किया इंकार

# कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को बड़ा झटका नहीं रद्द होगा धोखाधड़ी का मुकदमा

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बॉलीवुड कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने 2016 में दर्ज हुए धोखाधड़ी के मामले में ट्रायल कोर्ट से जारी तलबी आदेश को चुनौती देने वाली सरकार की याचिका खारिज कर दी है। अब उन्हें गाजियाबाद की अदालत की ट्रायल कोर्ट में पेश होना होगा। मामला



गाजियाबाद के सिहनी गेट थाना क्षेत्र का है। गाजियाबाद के राजनगर निवासी कारोबारी सत्येंद्र त्यागी ने वर्ष 2016 में एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि 2016 में डिसूजा ने फिल्म 'अमर मस्ट डाई' को फाइनेंस करने का सुझाव देते हुए पांच करोड़ रुपये का निवेश कराया था। रेमो ने वादा किया था कि फिल्म की रिलीज के बाद उन्हें दोगुना 10 करोड़ रुपये वापस किया जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ तो कारोबारी ने अपने दिए रुपये वापस मांगे तो इस पर डिसूजा ने अंडरवर्ल्ड डॉन प्रसाद पुजारी से धमकी दिलाई।






## अलग करने की चाहत में बिहार के लड़के का गजब कारनामा

# मोबाइल की लत ने बनाया सनकी, निगलने लगा चाबी, नेल कटर

एजेंसी ▶▶| मोतिहारी

सोशल मीडिया का असर और कुछ अलग करने की चाहत ने एक लड़के की जान जोखिम में डाल दी. दरअसल, सोशल वीडियो और रील्स नई पीढ़ी को गुमराह कर रही हैं। मासूम बच्चे इसके कारण गलत काम कर रहे हैं। बिहार के मोतिहारी में एक लड़के ने कुछ करने और सबसे अलग करने के दबाव में आकर मेटल की चीजें निगलना शुरू कर दिया। उसने घर की चाबी, नेलकटर, छोटा चाकू, की-रिंग जैसी कई चीजें निगल ली थीं। बच्चे की मां ने बताया कि हमें पता ही नहीं था कि बेटा यह सब कर रहा है। बच्चे की मां ने कहा कि अलमारी की चाबी नहीं मिल रही थी; तो बेटे से भी पूछा गया। तब उसने कहा कि चाबी तो वह पहले ही निगल चुका है। पहले तो लगा कि वह मजाक कर रहा है, लेकिन उसके बाद उसे डॉक्टर को दिखाया गया। सोनोग्राफी और एक्सरे की मदद से यह साफ हो गया कि उसके पेट में चाबी का गुच्छा, नेलकटर चाकू जैसे कई मेटल के सामान हैं। यह मामला मोतिहारी शहर के चांदमारी मोहल्ले के एक लड़के का है जो मोबाइल पर वीडियो देखने के बाद कुछ अलग काम करना चाहता था।



**सोनोग्राफी जांच में पता चला, पेट में थी कई चीजें :** डॉक्टर ने बताया कि अल्ट्रासाउंड करने पर यह पता चला कि उसके पेट में बहुत सारी मेटल की चीज फंसी पड़ी है। इसके बाद डॉक्टर अमित कुमार ने परिजनों की रजामंदी से ऑपरेशन करने की बात कही और ऑपरेशन के बाद उसके पेट से चाबी का गुच्छा, नेकलेस, 2 नेल कटर और एक छोटा सा चाकू निकाला।

### मोबाइल देखने और गेम्स खेलने के कारण खोया मानसिक संतुलन

लड़के की मां ने बताया कि वह सारा समय केवल मोबाइल वीडियो ही देखता रहता था। इससे वह मानसिक रूप से कमजोर हो गया था। इससे पहले वह खतरनाक ऑनलाइन गेम्स खेलता था। पबजी जैसे गेम्स के कारण उसका मानसिक संतुलन तक बिगड़ गया था और उसे डॉक्टर्स को दिखाना पड़ा था। इसके बाद से वह चोरी-छिपे मेटल की चीजों को निगलने लगा था। एक-एक करते हुए उसने कई चीजों को निगल लिया था। इसके पीछे उसका मकसद भी था। वह खुद को दूसरों से अलग और बेहतर बताना चाहता था।

### डॉक्टरों ने दी चेतावनी, माता-पिता रहे सतर्क

डॉक्टरों ने कहा है कि माता-पिता को बच्चों के प्रति सावधान रहने और उनके मोबाइल एडिक्ट होने से बचाने के लिए सतर्क रहना चाहिए। इसके लिए साइकेट्रिक का मार्गदर्शन, काउंसलिंग और जरूरत हो तो दवाएं भी लेनी चाहिए। बच्चों और युवाओं को मोबाइल का इस्तेमाल सोच-समझकर करना चाहिए।

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



2015 तक था टोल नाका, उसके बाद हटाना था, लेकिन तब से अवैध वसूली

छत्तीसगढ़ के लोग हर साल 64 करोड़ से ज्यादा पैसे दे रहे, सड़क की मरम्मत नहीं



# 8 साल पहले रोड की लागत वसूल, मरम्मत के नाम पर कुम्हारी टोल पर अवैध वसूली, असलियत में सड़क पर धेले का काम नहीं

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

जब सरकार ही लूटे तो आम आदमी कहां गुहार लगाए। उसकी सुनवाई कौन करेगा। कुम्हारी टोल नाका का मामला वैसा ही है। रायपुर के टाटीबंध से भिलाई के नेहरू नगर तक बनी फोरलेन पर 18 साल पहले टोल नाका शुरू हुआ। शर्त थी कि फोर लेन की लागत वसूल होने के बाद नाका बंद कर दिया जाएगा। 2015 में ठेका खत्म हो गया। लेकिन उसके बाद एनएचएआई ने सड़क की मरम्मत के नाम पर टोल नाका शुरू किया। हाल ही में उसका ठेका आलोक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड को ▶▶|शेष पेज 4 पर



### लोकल वाहनों तक को छूट नहीं

*कुछ साल पहले आए दिन होने वाले विवाद के बाद तय किया गया था लोकल लोगों को टोल से राहत दी जाएगी। सीजी 07 तक के वाहन चालकों को रायपुर आने और जाने के लिए टोल नहीं देना होगा। लेकिन नए ठेके में उसे भी खत्म कर दिया गया है। अब सभी से टोल लिया जा रहा है। वीआईपी लेन भी समाप्त की जाएगी। कंपनी का कहना है कि उन्हें नुकसान हो रहा है जिसकी वजह से सिस्टम ही बदला जाएगा।*

### 15 से 105 रुपए तक की वसूली



कुम्हारी टोल प्लाजा में सूचना पटल पर चस्पा हुआ है कि कार , जीप, वैन और हल्के मोटर वाहन एक तरफ का 15, कार, जीप वैन, हल्के मोटर वाहन एलसीवी 25, बस या ट्रक (दो धुरी) 45, तीन धुरी वाले वाणज्यिक वाहन 45, 6 एक्स कमर्शियल वाहन 105, बड़े आकार वाले सात या अधिक धुरी वाले वाहन 105 रुपए वसूला जा रहा है।

### कार्रवाई की जाएगी

टोल प्लाजा को लेकर पूर्व में शिकायत की गई है। विभागीय मंत्री को भी अवगत कराया गया है। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यह सही है कि सड़क की लागत काफी समय पहले ही वसूल की जा चुकी है।

- विजय बघेल, सांसद दुर्ग

### ग्लोबल लेन किया गया है

वीआईपी लेन को ग्लोबल लेन एनएच ने किया है। यहां से फ्री वाहन वाहने बहुत निकल रही थी, जिनका डेटा कलेक्ट नहीं हो रहा था। टोल लॉस में चल रहा था। इससे एनएच को भी दिक्कत हो रही थी। लोकल वाहनों के लिए अभी तक कोई प्रावधान नहीं मिला है। जहां तक टोल का सवाल है, हम केवल नाका पर टेक्स वसूल रहे हैं। सड़क मरम्मत का काम हमारा नहीं है।

- राहुल सिंह, मैनेजर, आलोक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल न. 1155 | airtel चैनल न. 366

## खबर संक्षेप

### ढाका मेट्रो सेवा 30 दिनों बाद फिर से शुरू



**ढाका।** बांग्लादेश में अभूतपूर्व सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान यात्रियों के लिए बंद रहने के एक महीने बाद रविवार को ढाका मेट्रो ने अपनी सेवाएं फिर से शुरू कर दीं। दो स्टेशन मीरपुर 10 और काजीपाड़ा बंद रहेंगे। मेट्रो सेवा बहाली से छात्रों और कार्यालय जाने वालों लोगों ने राहत की सांस ली।

### अभिनेता सिद्दीक ने एएमएमए से दिया इस्तीफा



**कोच्चि।** जाने माने अभिनेता सिद्दीक ने एक अभिनेत्री द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के बाद 'एसोसिएशन ऑफ मलयालम मूवी आर्टिस्ट्स' (एएमएमए) के महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया। सिद्दीक ने बताया कि उन्होंने अपना इस्तीफा संस्था के अध्यक्ष मोहनलाल को भेज दिया है।

### पत्नी-बच्चे की हत्या के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के लॉन्गडिंग जिले में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी तथा बच्चे की कथित तौर पर हत्या कर दी।पुलिस ने जिले के खानू गांव निवासी 35 वर्षीय गंगनगम गंगसा को अपनी पत्नी न्गामजुन गंगसा और बच्चे फागंग गंगसा की कथित तौर पर हत्या करने के लिए गिरफ्तार किया है।

### ट्रेन से कटा हुआ प्रेमी-प्रेमिका का शव बरामद



**प्रतापगढ़।** यूपी के प्रतापगढ़ जिले में जीआरपी के चिलबिला स्टेशन के प्लेटफार्म के निकट रविवार की सुबह ट्रेन से कटा हुआ एक युवक-युवती का शव बरामद किया गया, जो प्रेमी-प्रेमिका बताए गए हैं। इनकी पहचान राजेंद्र सरोज (28) और ममता सरोज (22) के रूप में की गयी।

### शिंदे सरकार ने नई स्कीम यूपीएस को दी मंजूरी

**मुंबई।** केंद्र सरकार की ओर से यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा के एक दिन बाद ही महाराष्ट्र सरकार ने रविवार को राज्य कर्मचारियों के लिए भी इस योजना को मंजूरी दे दी है। केंद्र की इस योजना को अपने राज्य में लागू करने वाला महाराष्ट्र पहला राज्य बन गया है। रविवार को महाराष्ट्र कैबिनेट ने इस स्कीम को मंजूरी दी। दरअसल, केंद्र सरकार की ओर से बताया गया कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम के तहत लगभग 23 लाख केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को लाभ मिलेगा।

कोलकाता रेप और मर्डर केस : संदीप घोष के करीबियों पर कसा शिकंजा

# अस्पताल में काला धंधा, कालाधन सीबीआई ने मारे 15 ठिकानों पर छापे

*कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले के बाद घिरे आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। सीबीआई ने रविवार को पूर्व प्राचार्य संदीप घोष और पूर्व चिकित्सा अधीक्षक और उप प्राचार्य संजय वशिष्ठ से जुड़े परिसरों सहित 15 ठिकानों पर छापेमारी की। इधर, मुख्य आरोपी का जेल में पॉलीग्राफ टेस्ट किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

सीबीआई के अधिकारियों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में छापेमारी की। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई ने मरीजों की देखभाल और प्रबंधन के लिए सामग्री की आपूर्ति से जुड़े लोगों के आवासों और कार्यालयों पर भी छापे मारे। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी के कम से कम सात अधिकारी सुबह आठ बजे से घोष से बेलियाघाटा स्थित उनके आवास पर पूछताछ की। अन्य अधिकारियों ने वशिष्ठ एवं चिकित्सा प्रतिष्ठान के फॉरेंसिक-मेडिसिन विभाग के एक और प्रोफेसर समेत अन्य से पूछताछ की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बलों के एक बड़े दल के साथ सुबह करीब छह बजे घोष के आवास पर पहुंची सीबीआई की टीम को करीब डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद पूर्व प्राचार्य ने दरवाजा खोला।



### अब आगे क्या

सीबीआई की टीम सजंय रॉय के साइकोलॉजिकल टेस्ट की रिपोर्ट से आज हुए पॉलीग्राफ टेस्ट की रिपोर्ट का आकलन करवाएगी। इससे यह पता लगाया जाए की इन दोनों टेस्ट में आरोपी ने सीबीआई के सवालों में कितना सच कहा। इसके बाद केंद्रीय जांच एजेंसी अपनी रिपोर्ट देगी और आगे की कार्रवाई करेगी।

### खास बातें

- केंद्रीय एजेंसी ने करीब 15 ठिकानों पर की छापेमारी
- पॉलीग्राफ टेस्ट के दौरान तीन घंटे तक चली पूछताछ

### इन परिसरों पर भी पहुंची सीबीआई

सीबीआई की टीम ने हावड़ा में बिप्लब सिंह के घर पर भी छापेमारी की। वह एक अस्पताल में चिकित्सा आपूर्ति के आपूर्तिकर्ता के रूप में काम करता है। सीबीआई की एक अन्य टीम बेलियागाछा में जेके घोष रोड पर एक कैफे मालिक के घर भी गई।

### मेडिकल कॉलेज में भी छापेमारी

सीबीआई की टीम ने अस्पताल में पूर्व प्राचार्य के कार्यालय में भी तलाशी ली और कॉलेज में बनी कैंटीन में भी गई। सीबीआई ने प्रिंसिपल मानस कुमार बंद्योपाध्याय को भी सुबह अस्पताल पहुंचने को कहा।

### सीबीआई की रडार में आए संदीप घोष?

आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के एक पूर्व सहकर्मी ने दावा किया है कि वह शवों के कारोबार में शामिल थे, जिसके बाद ही हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच करने का आदेश दिया।

### आरोपी संजय का जेल में पॉलीग्राफ टेस्ट

*मुख्य आरोपी संजय रॉय का 'पॉलीग्राफ टेस्ट' कोलकाता की प्रेजीडेंसी जेल में किया गया, जहां वह बंद है। सूत्रों के अनुसार आरोपी संजय से टेस्ट के दौरान तीन घंटे तक पूछताछ की गई।*



### इधर, पीड़िता की तस्वीर और पहचान को लेकर निर्देश

*इस बीच, आरजी कर रेप केस मामले में पीआईबी ने एक बयान जारी कर कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने भारत में संचालित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को लेकर निर्दश जारी किया है। बयान में किन्नोरी घोष बनाम अन्य बनाम भारत संघ और अन्य-आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना में मृतक के नाम और फोटो के प्रसार के मामले में पर कहा है कि 20 अगस्त, 2024 को दिए गए सुप्रीम कोर्ट के हालिया आदेश का पालन किया जाए।*

# राहुल बोले- मिस इंडिया में कोई दलित-आदिवासी नहीं रिजिजू ने कहा- बाल बुद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली





कांग्रेस नेता के बयान पर गरमाई सियासत

राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना की मांग को लेकर दबाव बनाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि दलित, आदिवासी या ओबीसी समुदायों से कोई भी महिला मिस इंडिया सौंदर्य प्रतियोगिता के लिए चयनित नहीं हुई। राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने मिस इंडिया की लिस्ट देखी लेकिन उसमें दलित, आदिवासी या ओबीसी की कोई महिला नहीं थी। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर निशाना साधा।

प्रयागराज में संविधान सम्मान सम्मेलन में राहुल गांधी ने कहा कि मीडिया में आपको दिखेगा कि वे बॉलीवुड की बात करेंगे, जो आपके साथ हो रहा है वह सबसे ज्यादा खराब है, आप पर तो सीधा हमला हो रहा है। मैंने मिस इंडिया की लिस्ट निकाली कि इसमें तो एक दलित या आदिवासी महिला होगी लेकिन न दलित, न आदिवासी, न ओबीसी कोई है।

### रिजिजू बोले - देश में फूट डालना चाहते हैं राहुल

रिजिजू ने राहुल गांधी के इस बयान की आलोचना की। उन्होंने कहा कि गांधी देश में जातिगत जनगणना को लेकर फिर से बयान देकर देश में फूट डालना चाहते हैं। किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी देश को बांट नहीं सकते। उन्होंने एक्स पर लिखा, अब राहुल गांधी मिस इंडिया प्रतियोगिताओं, फिल्मों, खेलों में आरक्षण चाहते हैं। यह केवल 'बाल बुद्धि' का मुद्दा नहीं है, बल्कि उसकी जय-जयकार करने वाले लोग भी उतने ही जिम्मेदार हैं। बाल बुद्धि मनोरंजन के लिए अच्छी हो सकती है पर अपनी विभाजनकारी चालों में, हमारे पिछड़े समुदायों का मजाक न उड़ाएं। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि सरकारें मिस इंडिया के लिए उम्मीदवारों का चयन नहीं करती हैं।

### जाति जनगणना की मांग दोहराई

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने देशव्यापी जाति जनगणना कराने की अपनी मांग और महत्व को दोहराते हुए कहा कि देश के 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था से बाहर हैं और उठाये जाने वाला यह कदम उनके लिए जरूरी है। राहुल गांधी ने यहां 'संविधान सम्मान सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा, 90 प्रतिशत लोग व्यवस्था के बाहर बैठे हैं। उनके पास कौशल एवं ज्ञान तो हैं, लेकिन उनकी (ऊपर तक) पहुंच नहीं है, यही कारण है कि जातिगत जनगणना की मांग उठायी है।''

### बांगो बांध लबालब, खोले गए छह गेट



**कोरबा।** प्रदेश के सबसे बड़े बांध बांगो बांध के लबालब होने पर वाटर लेवल को मेंटेन करने के लिए बांध के 6 गेट खोल दिए गए। इससे लगभग 33 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। ऐसे में निचली बस्तियों में बाढ़ की स्थिति निर्मित है। बांगो बांध की कुल जलभराव क्षमता 359 .66 मीटर है। रविवार की शाम 6 बजे बांध में 358 .40 मीटर पानी भरा था जो कुल जलभराव का 93 फीसदी पानी है। साथ ही बांगो बांध में लगे हाइडल प्लांट को 72 घंटे संचालित कर 120 मेगावाट बिजली पैदा की जा रही है, जिससे कुल 42 हजार क्यूसेक पानी हसदेव नदी में छोड़ा जा रहा है।

*देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में युवा कांग्रेस का जेल भरो आंदोलन*

# राज्यभर में युकां ने भरी जेल, जमकर झूमाझटकी, अध्यक्ष को पुलिस ने घसीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार को युवा कांग्रेस सड़क पर उतरी। कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी के विरोध में यूथ कांग्रेस ने जेल भरो आंदोलन किया। इस दौरान राजधानी रायपुर से लेकर नारायणपुर तक में युवा कांग्रेस के सदस्यों ने गिरफ्तारी दी। कई जगहों पर इस दौरान पुलिस से झड़प और झूमा-झटकी भी हुई। रायपुर में युकां के प्रदेश ▶▶|शेष पेज 4 पर

- सांकेतिक गिरफ्तारी के बाद रिहा किए गए कार्यकर्ता





### सांकेतिक गिरफ्तारी के बाद हुए रिहा

हालांकि ये सभी गिरफ्तारियां सांकेतिक रही। पुलिस ने सभी जिलों में अस्थायी जेल बनाए थे। प्रदर्शन स्थल के पास ही इन्हें बनाया गया। लगभग एक घंटे तक प्रदर्शनकारियों ▶▶|शेष पेज 4 पर

### दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर में सर्वाधिक हंगामा

देवेंद्र यादव के विधायकी क्षेत्र में प्रदर्शन अपेक्षाकृत अधिक उग्र रहा। दुर्ग-भिलाई के साथ बिलासपुर में भी कार्यकर्ता अधिक संख्या में पहुंचे रहे। यहां गिरफ्तारियां भी अधिक हुईं। नारायणपुर, दुर्ग, बिलासपुर, महासमुंद, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में भी कार्यकर्ताओं और पुलिस के मध्य झड़प हुई। जय सतनाम के नारे इस दौरान प्रत्येक ▶▶|शेष पेज 4 पर

सामने आई जानकारी

# पांच साल में गोद लिए गए 18 हजार बच्चे

- दत्तक-शास्त्र संसाधन प्राधिकरण ने आरटीआई में दिया ब्योरा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वर्ष 2019 से अब तक दर्ज किए गए गोद लेने के 18,179 मामलों में से केवल 1,404 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे शामिल थे, जबकि अगले पांच वर्षों में गोद लेने के मामलों की कुल संख्या में वृद्धि देखी गई।

### 420 बच्चों को इंतजार

पांच जुलाई 2024 तक भारत भर में बाल देखभाल संस्थानों में विशेष आवश्यकता वाले 420 बच्चे गोद लिए जाने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 'फैमिलीज ऑफ जॉय' के संस्थापक अविनाश कुमार ने कहा कि जुलाई 2024 तक गोद लेने के लिए 76 प्रतिशत विशेष जरूरतों वाले थे।

विमानन कंपनी इंडिगो लेकर आया नया फीचर

# टिकट बुकिंग के समय नहीं पूछा जाएगा जेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

विमानन कंपनी इंडिगो समावेशिता को बढ़ावा देने के बड़े प्रयासों के तहत जल्द ही टिकट बुकिंग के समय यात्रियों के लिए स्त्री-पुरूष तटस्थ 'एमएक्स' का विकल्प पेश करेगी। यानी इसमें यह नहीं पूछा जाएगा कि टिकट बुकिंग करने वाला स्त्री है या पुरूष। इसके अलावा, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन का लक्ष्य अपने यहां नियुक्त विकलांग व्यक्तियों की संख्या को दोगुना करना है।

### ये एयरलाइंस भी देती हैं ऑप्शन

एयर इंडिया एक्सप्रेस और विस्तारा पहले से ही टिकट बुकिंग के समय यात्रियों के लिए 'एमएक्स' विकल्प देते हैं, यानि इसमें आपको जेंडर बताने की जरूरत नहीं होती। ऐसी ही सुविधा अब इंडिगो ने शुरू की है।





**एलजीबीटीक्यू प्लसः** इंडिगो के समूह पसरीचा ने कहा कि इंडिगो ने 'एलजीबीटीक्यू प्लस' समुदाय के लिए कई पहल को लागू किया है, जिसमें समुदाय से जुड़े लोगों की भर्ती को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष कार्यक्रम शामिल हैं। उनके अनुसार एलजीबीटीक्यू प्लस व्यक्तियों की लगातार भर्ती हो रही है और वे एयरलाइन में उड़ान सहित विभिन्न कार्यों में काम कर रहे हैं।

### एक महीने में करीब 1 करोड़ 30 लाख यात्री

हाल ही में नागर विमानन महानिदेशालय की ओर से जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक, बीते महीने जुलाई में लगभग एक करोड़ 30 लाख लोगों ने हवाई जहाज से यात्रा की। इंडिगो ने घरेलू हवाई यातायात क्षेत्र पर अपना दबदबा जारी रखा। जुलाई में इसकी बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 62 प्रतिशत हो गई। दूसरी ओर एयर इंडिया की हिस्सेदारी घटकर 14.3 प्रतिशत रह गई।

केजरीवाल के लिए प्रार्थना

# आप नेता सिसोदिया ने स्वर्ण मंदिर में टेका



**अमृतसर।** आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने पंजाब के अमृतसर में स्थित स्वर्ण मंदिर में रविवार को मत्था टेका और पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई के लिए प्रार्थना की। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को हाल ही में आबकारी नीति मामले में उच्चतम न्यायालय से जमानत मिली थी।

### मान सरकार की सराहना

सिसोदिया ने कहा कि उन्हें ईश्वर के आशीर्वाद, उच्चतम न्यायालय और देश के संविधान की बदौलत न्याय मिला। इससे पहले सिसोदिया ने अमृतसर पहुंचने पर राज्य में 'उत्कृष्ट कार्यों' के लिए पंजाब की मान सरकार की सराहना की।

## चिंतन

# केंद्रीय कर्मियों की पेंशन में सुधार स्वागत योग्य

राजनीतिक दबाव ही सही, पर केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मियों की पेंशन में सुधार कर बड़ा संदेश दिया है। केंद्र ने यूपीएस लाकर करीब 23 लाख केंद्रीय कर्मियों को खुश करने की कोशिश की है। इसके पीछे राजनीति भी है और पेंशन सुधार भी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई में आम बजट पेश करते हुए एनपीएस में सुधार का संकेत दिया था। वर्ष 2004 से लागू न्यू पेंशन स्कीम को लेकर केंद्रीय कर्मियों में तबसे असंतोष है। उस वक्त सरकार ने आर्थिक सुधार के कदम के तहत न्यू पेंशन स्कीम को लागू किया था। केंद्र सरकार पर सरकारी खर्चे कम करने व सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने का ग्लोबल वित्तीय संस्थाओं का दबाव है, इसलिए पिछली सरकारों ने क्रमवार इस दिशा में कदम उठाए। न्यू पेंशन स्कीम (एनपीएस) का फैसला भी सरकार पर बोझ कम करने के लिए उठाया गया कदम था, लेकिन लगभग दो दशक के बाद पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) को लेकर तेज हुई विपक्ष की राजनीति ने केंद्र की राजग सरकार को एनपीएस में सुधार के लिए सोचने पर मजबूर किया। चूंकि केंद्र सरकार के लिए ओपीएस में जाना आर्थिक रूप से कठिन कदम है, इसलिए एनपीएस में सुधार के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से गठित वित्त सचिव टीवी सोमनाथन समिति ने बीच का रास्ता अपनाते हुए यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का सुझाव दिया। यूपीएस ओपीएस और एनपीएस का मिश्रित रूप है। यूपीएस में सरकार ने अपने खजाने में थोड़ी ढील दी है और केंद्रीय कर्मियों को पेंशन स्कीम में राहत दी है, लेकिन ओपीएस के बड़े बोझ से बचा गया है। यूपीएस लागू होने के बाद अब ओपीएस को लेकर जारी विवाद पर विराम लग सकता है। राजनीतिक रूप से माना जा रहा है कि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में केंद्रीय कर्मियों की ओर से भाजपा नीत राजग को भरपूर सहयोग नहीं मिला। इससे पहले कठिन फैसले के वक्त भी भाजपा को सहयोग मिलता रहा था। अप्रैल 2004 के बाद नौकरी शुरू करने वाला हर केंद्रीय सरकारी कर्मचारी यूपीएस का लाभ उठा सकता है। इसका लाभ अगले वित्त वर्ष 1 अप्रैल 2025 से मिलने लगेगा। यूपीएस में सरकार ने न्यूनतम पेंशन की गारंटी दी है। यूपीएस योजना को तीन शब्दों 'एश्योर्ड पेंशन, मिनिमम पेंशन, एश्योर्ड फैमिली पेंशन' से परिभाषित किया जा सकता है। 2004 के बाद नौकरी में आए केंद्रीय कर्मी अगर सेवानिवृत्त हो गए हों या 31 मार्च 2025 तक रिटायर होंगे, तो ऐसे कर्मियों को भी यूपीएस का लाभ मिलेगा। राज्य सरकारें भी अपने कर्मियों के लिए यूपीएस का विकल्प चुन सकती हैं। यूपीएस को सरकार ने डिफॉल्ट पेंशन स्कीम नहीं बनाया है, बल्कि इसे मौजूदा एनपीएस के विकल्प के तौर पर पेश किया है। इसका मतलब है केंद्रीय कर्मियों के पास एनपीएस या यूपीएस चुनने का विकल्प होगा। हालांकि सरकार को एनपीएस खत्म कर यूपीएस लागू करना चाहिए था, इससे पेंशन स्कीम को लेकर विकल्प के चलते कर्मियों के सामने दुविधा की स्थिति नहीं होगी। न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद रिटायरमेंट पर 10,000 रुपये प्रति माह की पेंशन मिलेगी। एनपीएस में केंद्रीय कर्मियों के मूल वेतन का 10 प्रतिशत कर्मी अंशदान करते हैं व 14 प्रतिशत सरकार अंशदान करती है। यूपीएस में कर्मियों का अंशदान दस फीसदी ही रहेगा, पर सरकार 18.5 फीसदी अंशदान करेगी। अब सरकार को सभी नागरिकों के लिए अनिवार्य पेंशन योजना लेकर आनी चाहिए, ताकि हर नागरिक की वृद्धावस्था में सामाजिक व आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

# विश्व पटल पर शांति दूत भारत



कूटनीति
प्रभात कुमार रॉय

राष्ट्रपति जेलेंस्की और प्रधानमंत्री मोदी के मध्य रूस और यूक्रेन युद्ध पर वार्ता के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि भारत शांति की दिशा में किसी भी कोशिश में सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए तत्पर है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें कोई भूमिका का निर्वाह कर सकता हूं, तो मैं ऐसा अवश्य ही करूंगा। नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि भारत इस युद्ध के दौर में कभी निष्क्रिय नहीं रहा, वह सदैव शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए बच्चों की स्मृति में निर्मित की गई एक मेमोरियल प्रदर्शनी का दीदार किया। यूक्रेन और भारत के मध्य चार विशिष्ट समझौते अंजाम दिए गए।

सदियों से भारत वसुधैव कुटुंबकम की कालजयी उद्घोषणा के साथ विश्व पटल पर एक शांति दूत राष्ट्र के रूप में जाना पहचाना जाता रहा है। भारत की पुण्य धरा पर ऋषि मुनियों की प्रबल सांस्कृतिक परंपरा में भगवान बुद्ध और महात्मा गांधी सरीखे सत्य और अहिंसा के युग प्रवर्तक पैरोकारों का उदय हुआ। तीसरे विश्व युद्ध के विनाशकारी कगार पर खड़ी हुई दुनिया के लिए भारत फिर से विश्व पटल पर शांति दूत बनकर उभरा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को भारतीय संस्कृति की इसी शानदार परंपरा के संदर्भ में समझा और देखा जाना चाहिए। अपनी मास्को यात्रा के दौरान नरेंद्र मोदी ने अपने प्रखर शब्दों में फरमाया था कि विनाशकारी युद्ध किसी भी वैश्विक समस्या का समाधान नहीं कर सकता है। दुनिया की जटिल समस्याओं को कूटनीतिक तौर पर बातचीत द्वारा सुलझाया जाना चाहिए। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ जब कभी नरेंद्र मोदी की बातचीत हुई है, भारत के इसी कूटनीतिक नजरिए को उनके सामने पेश किया गया है। अपनी मास्को यात्रा के 6 हफ्ते बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव की यात्रा अंजाम दी और यूक्रेन के प्रेसिडेंट वालदोमिर जेलेंस्की के साथ 23 अगस्त को एक शानदार कूटनीतिक मुलाकात की। दोनों लीडरान ने पहले हाथ मिलाया फिर मोदी ने जेलेंस्की को आगे बढ़कर गले लगाया। उल्लेखनीय कि जब नरेंद्र मोदी ने जुलाई 8 और 9 तारीख को मास्को की यात्रा की और राष्ट्रपति पुतिन को अपने गले से लगा लिया था, तब नरेंद्र मोदी के इस सरल शालीन व्यवहार पर निशाना लगाते हुए राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को मास्को में दुनिया के सबसे बड़े खूंखार अपराधी को गले लगाते हुए देखकर मैं बहुत निराश हूं।

कूटनीतिक ज्ञान के अनेक जानकारों द्वारा इस यात्रा को रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में मास्को और नाटो सैन्य शक्ति के मध्य भारत द्वारा कूटनीतिक संतुलन बनाए रखने की कवायद करार दिया गया। उल्लेखनीय है कि भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध में अपनी कूटनीतिक स्थिति को किसी भी एक युद्धरत पक्ष की हिमायत करने से दूर रखा है। रूस की भर्त्सना और आलोचना करने वाले सभी प्रस्तावों से जोकि संयुक्त राष्ट्र में पेश किए गए, भारत द्वारा उनका कदाचित समर्थन नहीं किया गया। भारत ने रूस के विरुद्ध पश्चिम के प्रस्तावों का संयुक्त राष्ट्र में बहिष्कार करके अपनी कूटनीतिक स्थिति को स्पष्ट बनाए रखा है। अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों द्वारा रूस के विरुद्ध आयद किए गए सभी आर्थिक प्रतिबंधों को भारत द्वारा कदाचित स्वीकार नहीं किया गया। रूस से विशेषकर तेल के आयात और रक्षा सामग्री की खरीदारी पर आयद प्रतिबंधों को भारत द्वारा कदापि स्वीकार नहीं किया गया। भारत द्वारा रूस से आयात किए जाने वाले तेल की मात्रा को तीन गुना कर दिया गया है। विगत वर्ष हुए जी-20 राष्ट्रों के सालाना सम्मेलन में जिस की अध्यक्षता भारत कर रहा था, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने यूक्रेन के सवाल को जी-20 सम्मेलन के वार्ता पटल पर शामिल करने के लिए भारत से गुजारिश की। राष्ट्रपति जेलेंस्की की इस गुजारिश को भारत द्वारा बाकायदा अस्वीकार कर दिया



गया था। सन 1991 में सोवियत संघ के विघटन के पश्चात जब से यूक्रेन एक राष्ट्र के तौर पर पूर्वी यूरोप में स्थापित हुआ है, तब से पहली बार किसी भारतीय प्रधानमंत्री दे यूक्रेन की यात्रा की है।

राष्ट्रपति जेलेंस्की और प्रधानमंत्री मोदी के मध्य रूस-यूक्रेन युद्ध पर वार्ता के दौरान नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि भारत शांति की दिशा में किसी भी कोशिश में सक्रिय भूमिका अदा करने के लिए तत्पर है। अगर मैं व्यक्तिगत रूप से इसमें कोई भूमिका का निर्वाह कर सकता हूं, तो मैं ऐसा अवश्य ही करूंगा। नरेंद्र मोदी ने यह भी कहा कि भारत इस युद्ध के दौर में कभी निष्क्रिय नहीं रहा, वह सदैव शांति के पक्ष में खड़ा रहा है। नरेंद्र मोदी ने युद्ध में घायल हुए यूक्रेन सैनिकों और नागरिकों के साथ कोई मुलाकात नहीं की। नरेंद्र मोदी ने रूस-यूक्रेन युद्ध में मारे गए बच्चों की स्मृति में निर्मित की गई एक मेमोरियल प्रदर्शनी का दीदार किया। यूक्रेन और भारत के मध्य चार विशिष्ट समझौते अंजाम दिए गए। इन समझौतों में कृषि क्षेत्र, सांस्कृतिक सहयोग, दवाइयों के उत्पादन और सामाजिक और आर्थिक विकास के प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के तत्पश्चात राष्ट्रपति जेलेंस्की दफ्तर के प्रवक्ता द्वारा यह कहा गया कि मोदी की यूक्रेन यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा साबित हुई है और यूक्रेन यह उम्मीद करता है कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने में एक बड़ी भूमिका का निर्वाह कर सकता है। भारत के विश्वसनीय कूटनीतिक सूत्रों के अनुसार यदि यूक्रेन और रूस दोनों चाहेंगे तो भारत इस भीषण युद्ध को समाप्त कराने के लिए मध्यस्थता कर सकता है।

भारत इस युद्ध में इसलिए भी मध्यस्थता के लिए इच्छुक है, क्योंकि भारत नहीं चाहता कि रूस के नेतृत्व में एक नया शक्ति गुट निर्मित हो जाए और विश्व पटल पर एक नया शीत युद्ध शुरू हो। भारत कदापि नहीं चाहता कि रूस वस्तुतः पश्चिम से बहुत अधिक दूर होकर चीन के अत्यंत निकट चला जाए, जोकि अपनी विस्तारवादी नीति के कारण भारत के प्रति शत्रुता का भाव रखता है। रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए अभी तक पश्चिम के देशों खासतौर से यूरोप के देशों ने चीन की ओर बड़ी उम्मीद से दृष्टि लगाए रखी, किंतु चीन द्वारा रूस के साथ स्थापित किए गए निकट सैन्य सहयोग के कारण यह उम्मीद तकरीबन टूटती जा रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत यदि मध्यस्थता की पहल करता है तो यूरोप निश्चित रूप से भारत का सहयोग करेगा, क्योंकि इस युद्ध के दौर में सबसे अधिक आर्थिक हालात यूरोप के खराब हुए हैं। यूरोप में महंगाई की दर आसमान पर है। रूस द्वारा तेल और गैस की सप्लाई रोक देने से यूरोप में गंभीर ऊर्जा संकट उत्पन्न हो गया है। नरेंद्र मोदी द्वारा यूक्रेन की यात्रा के कारण दिल्ली और कीव के मध्य कूटनीतिक रिश्तों की नई इबारत लिख दी गई है। भारत के लिए यूरोप का कूटनीतिक मार्ग अधिक सुगम हो गया है। सर्वविदित है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौर में तबाह और बर्बाद होता हुआ यूरोप, अब वास्तव में अमन शांति चाहता है।

युद्ध में भारत की कूटनीतिक तटस्थता और रूस के साथ भारत की पारंपरिक निकटता के कारण यूरोप समझता है कि भारत युद्ध को समाप्त करने में यकीनन बड़ी भूमिका का निर्वाह अंजाम दे सकता है। यूरोप विगत दो वर्षों के दौरान यह बखूबी देख चुका है कि चीन की यूक्रेन रूस युद्ध को समाप्त करने में कोई गंभीर रुचि नहीं है। वरन चीन इस युद्ध का सामरिक लाभ लेकर रूस के और अधिक निकट जाने की कोशिश कर रहा है। भारत के हित में है कि यूक्रेन और रूस की दोस्ती को एक साथ बरकरार बनाए रख सके। अतः भारत किसी एक देश का पक्ष कदापि नहीं लेगा और संतुलित कूटनीति के तहत का अपनी विदेश नीति को अंजाम देगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।




जन्माष्टमी
डॉ. विनोद कु. यादव

# प्रकृति के दोहन से बचना ही कृष्ण लीला की प्रासंगिकता

श्री कृष्ण जन्माष्टमी महज सनातन धर्म से जुड़ा एक त्योहार मात्र नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति में रचा-बसा एक लोकपर्व है। जीवन जीना एक श्रेष्ठतम कला है, इस भाव का सही अर्थों में प्रतिमान जिस लोकनायक ने गढ़ा है, उसका नाम है-पार्थसारथी श्रीकृष्ण। तमाम संस्कृतियों में कृष्ण अकेले ऐसे लोकनायक हैं जो जीवन की हरेक परिस्थिति को समग्रता से स्वीकार करते हैं, और उसे उत्सव में बदलने का सामर्थ्य रखते हैं। कृष्ण आध्यात्मिक क्रांति के यथार्थ द्रष्टा हैं। वे राग, प्रेम, काम, ध्यान, योग, भोग, आत्मा-परमात्मा, युद्ध, कूटनीति और राजनीति आदि विषयों को यथार्थ रूप में स्वीकार करते हैं। जब मन में गहन अंधकार छाया हो, बंधनयुक्त हो, तब कैसे हमारा पुरुषार्थ हमारे अवचेतन में ऐसा रचनात्मक भाव उत्पन्न कर दे कि सारे बंधन टूट जाएं और अज्ञान के तमस का आवरण टूटकर बिखर जाए, असलियत में यही कृष्ण-तत्व की मौजूदगी है और यही जन्माष्टमी है। किंतु समाज में बढ़ते हुए कदाचार और संवेदनशून्यता के इस दौर में कृष्ण तत्व की गैर-मौजूदगी दिखाई देती है। अपनी अस्मत के लिए सुबकती हुई अबोध बालिकाओं की आंखें उस द्वारकाधीश की प्रतीक्षा में पथरा गई हैं जिसने कौरवों की सभा में उपस्थित होकर द्रौपदी की लाज बचाई थी। असल में जब तक हम समग्रता से जीवन जीने वाले कृष्ण को परंपरागत आस्थाओं के तहत केवल जन्माष्टमी पर्व तक सीमित रखेंगे, हमारे अंदर अन्याय के प्रतिकार करने का साहस और कदाचार से जूझने का संकल्प उत्पन्न नहीं हो सकता। कृष्ण के व्यक्तित्व में जड़-सिद्धांतों व पुरातनपंथी मान्यताओं का कोई स्थान नहीं है। कृष्ण सदैव कर्म के प्रति प्रतिबद्ध दिखाई देते हैं। वह कोई निजी हित साधने या व्यक्तिगत लाभ उठाने के लिए कर्म से प्रेरित नहीं होते, इसलिए दूसरों को भी कर्मफल की चिंता से मुक्ति का संदेश देते हैं। मधुसूदन कृष्ण का व्यक्तित्व बेहद माधुर्य से ओतप्रोत है। अपनी जीवन-यात्रा के किसी पड़ाव पर जब व्यक्ति किंकर्तव्यविमूढ होकर अवसादग्रस्त हो जाता है, तब कृष्ण संदेश देते हैं कि हे अर्जुन! उठ और अपना कर्म कर, क्योंकि तू तो केवल निमित्त मात्र है, इस संसार में जो कुछ घटित होता है, वह मेरी इच्छा के फलस्वरूप होता है। इसलिए फल की आसक्ति का परित्याग कर अपने कार्य को समर्पण भाव से कर, यही उनका गीता-दर्शन भी है। उनकी कार्यशैली अपने अधिकारों के प्रति सचेत और दुराचारी व्यवस्था के खिलाफ थी। सही अर्थों में अपने कर्मों का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन सीखना और स्वावलंबन की कला को और बेहतर बनाना है तो कृष्ण के कर्मयोग का विश्लेषणात्मक अध्ययन जरूरी है। वे युद्ध लड़ने का सामर्थ्य रखते हैं किंतु करुणा और प्रेम से भरे हुए हैं। दरअसल प्रेम और उत्सव के जो आयाम राम में नहीं मिलते वे कृष्ण के व्यक्तित्व में जीवंत हो जाते हैं। राम जीवन के किसी मोड़ पर चिंताग्रस्त दिखाई देते हैं, किंतु कृष्ण दुख के महासागर में भी हंसते, नाचते और गाते हुए नजर आते हैं। वस्तुतः कृष्ण द्वापर युग के एकमात्र ऐसे अनूठे किरदार हैं जो धर्म की गहराइयों और ऊंचाइयों पर होकर भी गंभीर नहीं हैं। वे प्रतिज्ञा तोड़कर भीष्म को मारने दौड़ते जरूर हैं किंतु अपने हृदय में प्रेम का दिया बुझने नहीं देते। गांधारी के भयानक श्राप को भी उन्होंने सहर्ष शिरोधार्य रखा। जबकि इसके विपरीत सुदामा के साथ अपनी मित्रता से जो संदेश उन्होंने दिया, वह जीवन जीने की कला में बेहद अहम है। मानव देह में अवतरित होकर उन्होंने हमें वह रास्ता दिखाया है, यदि उस पर हम चलें, तो परम पद पा सकते हैं। असल में, कृष्ण जीवन की हरेक रंगत को पूर्णता के साथ स्वीकार करते हुए उसका आनंद लेते हैं, यही खासियत उनको वैश्विक युग पुरुष बना देती है। सनातन संस्कृति की अवतारी परंपरा में केवल कृष्ण का व्यक्तित्व बहुआयामी है। कृष्ण का एक पर्याय चित्तचोर है, उनका चित्त नितांत अहिंसक है, फिर भी धर्म की रक्षा के लिए हिंसा को आत्मसात करने से संकोच नहीं करते। असलियत में गोवर्धन लीला प्रकृति के संवर्धन का प्रतीकात्मक रूप है। प्रकृति के दोहन व प्रकृति के प्रति हमारी नादानियों के संकेत असमय वर्षा, भयंकर बाढ़, ऋतुओं का बदलता मिजाज, पहाड़ी क्षेत्रों में जबरदस्त भूस्खलन के रूप में समस्त मानवजाति को हाल-फिलहाल में मिल भी रहे हैं। महापुरुष हो या जनसाधारण, हरेक को प्रकृति के धर्म को समझकर आचरण करना ही होगा। प्रकृति के दोहन से बचना होगा। कृष्ण की समस्त लीलाओं की प्रासंगिकता भी यही है कि हरेक व्यक्ति प्रकृति के प्रति अपने धर्म को समझे और अपने विवेक का इस्तेमाल करते हुए उसके दोहन से बचे।

(लेखक इतिहासकार व शिक्षाविद् हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित
**दर्शन**

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# काम ऐसे न करें, जिसमें गलत संदेश जाता है



संकलित
**प्रेरणा**

परमहंस जी अपने शिष्यों को नियमित रूप से उपदेश दिया करते थे। एक दिन जब वे उपदेश दे रहे थे, उस समय एक शिष्य ने उनसे पूछा कि आम लोग तो सभी सुख-सुविधाओं का लाभ उठाते हैं, लेकिन साधु-संतों के लिए इतने कठोर नियम क्यों हैं? परमहंस जी ने शिष्य से कहा कि हमें ऐसे काम करना चाहिए, जिनसे समाज को अच्छा संदेश मिलता है। ये बात साधु-संतों को खासतौर पर ध्यान रखनी चाहिए। आम लोग तो समाज में रहकर अनुशासन के साथ सभी काम कर सकते हैं, लेकिन साधु-संत को हर हाल में गलत कामों से दूर ही रहना चाहिए। साधु-संतों को धन का संग्रह नहीं करना चाहिए, सुख-सुविधा पाने की इच्छा नहीं रखनी चाहिए, संत को क्रोध से भी बचना चाहिए। तभी वे समाज को अच्छा संदेश दे सकते हैं। शिष्य ने फिर पूछा कि साधु-संतों के लिए ही इतने कठिन नियम क्यों हैं? जबकि वे भी इसी समाज का हिस्सा हैं। परमहंस जी ने शिष्य को समझाया कि त्याग का संदेश साधु-संत नहीं देंगे तो और कौन दे सकता है। साधु-संत अपने ज्ञान और कर्म से समाज को श्रेष्ठ जीवन जीने की सीख देते हैं। साधु-संत हमें बताते हैं कि हमें किसी भी चीज का मोह नहीं रखना चाहिए, त्याग की भावना रखेंगे तो कभी दुखी नहीं होना पड़ेगा। परमहंस जी ने साधु-संतों के माध्यम से संदेश दिया है कि अगर हम घर-परिवार और समाज को बेहतर बनाना चाहते हैं तो हमें इसकी शुरुआत खुद से करनी चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### महिलाओं के सम्मान की रक्षा करे पुरुष

अपने देश में बहुत से दिवस मनाने का रिवाज है। वर्षों से बाल दिवस मनाया जाता है। इसके बाद कई और दिन मनाने शुरू कर दिए। देश में जिस प्रकार कामुक रोगी मानसिकता वाले लोग लड़कियों का यौन शोषण और यौन उत्पीड़न करते हैं, उसके लिए सरकार कितने भी कानून बना ले, कितना भी दंड बढ़ा ले, पर मेरा यह विश्वास है कि केवल कानून से सामाजिक क्रांति, समाज सुधार नहीं हो सकता। इसके लिए सभी धर्मों के सभी धर्म गुरुओं को जागृति पैदा करके संकल्प लेने चाहिए। इसके साथ ही भारत सरकार कम से कम एक वर्ष के लिए हर महीने पुरुष दिवस मनाना शुरू करे। उस दिन महिलाएं अपने परिवारों के सभी पुरुष सदस्यों से यह शपथ लें कि वे कभी भी किसी भी महिला पर कुदृष्टि नहीं रखेंगे व उसके सम्मान की रक्षा में भागीदार बनेंगे। तभी बलात्कार जैसी घटनाओं पर रोक लग पाएगी। -*संदीप खरे, राजनांदगांव*

## X ट्रेंड

### 'लखपति दीदी' अभियान



'लखपति दीदी' अभियान सिर्फ बहनों-बेटियों की आय बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि ये आने वाली पीढ़ियों को सशक्त करने और ग्रामीण जनजीवन के पूरे अर्थतंत्र को बदलने वाला अभियान है।
-नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जाति गणना से समाज का एक्सरे



जातिगत जनगणना से सिर्फ जनसंख्या की गिनती भर नहीं होगी, समाज का एक्स-रे भी सामने आ जाएगा। ये पता चल जायेगा कि देश के संसाधनों का वितरण कैसा है और कौन से वर्ग हैं जो प्रतिनिधित्व में पीछे छूट गए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### धवन आपको शुभकामनाएं



शिखर धवन, आपके निडर पदार्पण से लेकर भारत के सबसे भरोसेमंद सलामी बल्लेबाजों में से एक बनने तक, आपने हमें संजोने के लिए अनगिनत यादें दी हैं। आपको अगली पारी के लिए शुभकामनाएं।
-विराट कोहली, भारतीय क्रिकेटर


### कड़ी मेहनत जरूरी



मेरे पास बहुत कुछ था जिसके बारे में मैंने कभी भी सोशल मीडिया पर पोस्ट नहीं किया। लोग केवल आपकी सफलता देखना चाहते हैं, वे बहुत आसानी से आपके संघर्षों को नजरअंदाज कर देते हैं। कुछ भी जादुई ढंग से नहीं आता, सब कुछ कड़ी मेहनत, निरंतरता और अटूट भक्ति से आता है।
-कंगना रनौत, अभिनेत्री व सांसद

## करंट अफेयर

# भारत, अमेरिका मिलकर काम करने के इच्छुक : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर काम करने और एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं। उन्होंने शनिवार को मैरीलैंड में एक शीर्ष अमेरिकी नौसैन्य युद्ध सामग्री केंद्र का निरीक्षण करने के बाद यह टिप्पणी की। सिंह अमेरिका और भारत के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अमेरिका की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर हैं। सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'कार्डेरॉक में नौसैन्य सतह युद्ध सामग्री केंद्र का दौरा किया और इस केंद्र में किए जा रहे महत्वपूर्ण प्रयोगों को देखा।' उन्होंने कहा, 'भारत और अमेरिका मिलकर काम करने तथा एक-दूसरे के अनुभवों से लाभ उठाने के इच्छुक हैं।' इससे पहले, सिंह ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से मुलाकात की। ऑस्टिन ने सिंह के साथ बैठक के दौरान अमेरिका-भारत संबंधों की गति की प्रशंसा की। उन्होंने विभिन्न रक्षा मुद्दों पर दोनों देशों के बढ़ते सहयोग का उल्लेख किया, जिसमें उनकी सेनाओं के बीच महत्वपूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करने के प्रयास भी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# हैम सैंडविच खाने से मधुमेह टाइप-2 का खतरा बढ़ा



दोपहर के समय के मुख्य भोजन 'हैम सैंडविच' अपनी आलोचना को लेकर मीडिया की सुर्खियों में है। हाल ही में जारी की गई कई मीडिया रिपोर्ट में बताया गया कि दिन में 'हैम सैंडविच' के मात्र दो टुकड़े खा लेने से मधुमेह टाइप-2 से पीड़ित होने का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन इन सुर्खियों के पीछे का विज्ञान क्या है? इस संबंध में किए गए शोध में एक जटिल तस्वीर सामने आई है। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एक नए अध्ययन में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि क्या सूअर का मांस (हैम और बेकन) तथा भेड़ या अन्य जानवरों के मांस (लाल मांस) खाने से मधुमेह टाइप-2 का खतरा बढ़ जाता है? इससे यह सुर्खियां सामने आईं कि हैम सैंडविच खाने और मधुमेह टाइप-2 से पीड़ित होने के बीच संबंध है। एक प्रेस विज्ञप्ति में हैम का उदाहरण देते हुए यह बताया गया था कि प्रसंस्कृत मांस खाने से 10 वर्षों में मधुमेह टाइप-2 होने का खतरा 15 प्रतिशत बढ़ जाता है। शोध में पाया गया कि मधुमेह टाइप-2 का खतरा प्रतिदिन अतिरिक्त 50 ग्राम प्रसंस्कृत मांस खाने से जुड़ा है, जो हैम के दो टुकड़ों के बराबर है। इस प्रकार ऐसा प्रतीत होता है कि मीडिया ने एक उपयोगी उदाहरण को मुख्य कारण के रूप में ले लिया है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# विस्फोटक के साथ 2 लाख की इनामी, एक महिला समेत 3 नक्सली गिरफ्तार

**जगदलपुर।** सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने सर्चिंग के दौरान दो लाख की इनामी महिला नक्सली समेत तीन को विस्फोटक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

सुरक्षाबलों ने सभी नक्सलियों को मिसीगुड़ा के जंगल से घेराबंदी कर पकड़ा। गिरफ्तार नक्सली जगरगुण्डा थाना क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे है। नक्सलियों को गिरफ्तार करने में जिला बल, डीआरजी, 165 वाहिनी सीआरपीएफ की विशेष भूमिका रही। सुकमा जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत इससे पूर्व 6 जुलाई को थाना जगरगुण्डा क्षेत्र से सुरक्षा बल द्वारा जगरगुण्डा-कुदेड़ मार्ग में सिंगावरम मोड़ के पास 5 प्रतिबंधित नक्सली संगठन के सक्रिय माओवादी को विस्फोटक एवं अन्य नक्सल सामाग्री के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसी घटना में संलिप्त फरार अन्य माओवादियों का पता-तलाश किया जा रहा था।




## दो एटीएम में तोड़-फोड़ तीन लोग गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पीएनबी बैंक और हिटाची एटीएम में तोड़फोड़ करने वाले दो युवक और दो अपचारी बालको को पुलिस ने पकड़ा है।आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 324(5),62,3(5), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि नेवई भाठा उमरपोटी मार्ग में स्थित हिटाची कंपनी का एटीएम मशीन में आसामिजक तत्वों द्वारा चोरी कर तोडफोड किया था। इस दौरान पुलिस ने सीसी कैमरों को खंगालने पर तीन युवकों द्वारा घटना को अंजाम देना दिख रहा था। नेवई टीआई आनंद शुक्ला और उतई टीआई विपिन रंगारी अपने अपने थाना के बल के साथ मौके पर पहुचे। इस दौरान संदेही युवकों में बालाजी नगर गांधी विद्यालय खुर्सीपार निवासी एस वंशी राव और वार्ड 34 केनाल रोड उडिया मोहल्ला दीशु जगत, दो अपचारी बालको को पकड़ा गया। पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने बताया कि दो दोस्तों के साथ चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी बाइक सीजी 07 सीके 7795 में बैठकर उमरपोटी रोड उतई पहुंचे । जहां सड़क किनारे पीएनबी बैंक का एटीएम में गार्ड नहीं होने से आरोपियों ने डंडा से एटीएम को तोडकर 23 हजार रूपये चोरी किया। उसके बाद उमरपोटी स्वागत गेट के पास स्थित हिटाची एटीएम में भी जमकर तोडफोड किया। आरोपियों से बाइक और नगदी जब्त किया गया है।






## जैकेट के शेष

### सुबह 8:21 को प्रारंभ...

रहेगी। पंचांगों के अनुसार, 26 अगस्त सोमवार को रात्रि 9 बजकर 10 मिनट से रोहिणी नक्षत्र प्रारंभ होगा। इस साल कृष्ण जन्माष्टमी रोहिणी योग और जयंती योग में मनाई जाएगी। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दोनों ही योग दुर्लभ और श्रेष्ठ हैं। द्वापर युग में जब कृष्ण भगवान का जन्म हुआ था, उस समय भी यही दुर्लभ और श्रेष्ठ योग विद्यमान थे। श्रीकृष्ण के जन्म के समय के छह तत्वों का समावेश इस बार जन्माष्टमी पर्व को अतिविशेष बनाएगा। ये तत्व हैं भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष, अर्द्धरात्रि काल, अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र, वृष राशि का चंद्रमा और चंद्र प्रधान सोमवार का दिन। ये सभी मुहूर्त की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण हैं। इन सभी छह तत्वों का समावेश बहुत कठिनाई से प्राप्त होता है।

### पद्म पुराण में है...

से मुक्त होकर परम दिव्य बैकुंठ भगवत धाम में निवास करता है। पद्म पुराण के अनुसार, इस योग में जन्माष्टमी का व्रत करने वाले भक्त के पितृ अगर प्रेत योनि में हैं तो व्रत-पूजन के प्रभाव से वे भी प्रेत योनि से मुक्त हो जाते हैं। धर्म ग्रंथों के अनुसार, आधी रात के समय रोहिणी नक्षत्र में यदि अष्टमी तिथि मिल जाए तो उसमें श्रीकृष्ण का पूजार्चन करने से तीन जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं। धार्मिक ग्रंथों में ऐसे दुर्लभ योग की विशेष महिमा बताई गई है।

### कोतवाली की बैरक...

भूमिका एक दंपति निभाएगा, पुलिस जवान भी एक्टिंग करेंगे। रात ठीक 12 बजे यहां उत्सव होगा। यह परंपरा पिछले 11 सालों से चली आ रही है। कोतवाली के कारागार में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की शुरुआत करने वाले माधव यादव के मुताबिक, कान्हाजी का जन्म कारागार में हुआ था। इस बात को ध्यान में रखते हुए उन्होंने राज्य के सभी शहरों में जन्माष्टमी पर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कारागार में मनाने का मन बनाया। इसके लिए तत्कालीन गृहमंत्री ननकीराम कंवर से संपर्क कर थानों में भगवान श्रीकृष्ण का कारागार में जन्मोत्सव मनाने मांग की, लेकिन यह संभव नहीं हो पाया। रायपुर के सेंट्रल जेल में भी जन्माष्टमी का आयोजन किया जाता है, इसलिए रायपुर के कोतवाली थाने के लॉकअप में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए गृहमंत्री ने संबंधित पुलिस अफसरों को निर्देश दिए, तब से कोतवाली के लॉकअप में जन्माष्टमी मनाने का सिलसिला चल रहा है।

### कारागार में पहरा...

नंदगोपाल का जयघोष करते हैं। मौके पर उपस्थित कोतवाली थाने के स्टाफ भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना करते हैं। जन्माष्टमी की रात कोतवाली थाने का परिदृश्य बदल जाता है, थाना किसी मंदिर की तरह लगने लगता है।

### छग में नशीली दवाओं...

है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है। ड्रग्स से न सिर्फ देश की युवा पीढ़ी बर्बाद होती है बल्कि देश की सुरक्षा भी कमजोर होती है। उन्होंने कहा, सभी मिलकर नारकोटिक्स के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर आगे बढ़ें और नशामुक्त भारत के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने ड्रग्स की तस्करी के मामलों की जांच में वैज्ञानिक तरीकों के इस्तेमाल पर बल दिया। उन्होंने कहा, हमें उपर से नीचे और नीचे से उपर अप्रोच के साथ काम कर पूरे नेटवर्क को रूथलैस तरीके से ध्वस्त करने की ज़रूरत है। जब तक हम पूरे नेटवर्क पर प्रहार नहीं करेंगे तब तक एक नशामुक्त भारत के लक्ष्य को हम प्राप्त नहीं कर सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, केन्द्रीय गृह सचिव, निदेशक, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, एनसीबी, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ में गांजा...

ड्रग्स की ओर बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ में सेडेटिव उपयोग का प्रतिशत 1.45 है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है और गांजा का उपयोग भी 4.98 प्रतिशत है जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

### 22 हजार करोड़ का...

इसी प्रकार, 2004 से 2014 के बीच 1 लाख 52 हजार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई जबकि 2014 से 2024 के बीच 257 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5 लाख 43 हजार किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी गई है। 2004 से 2014 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 5,900 करोड़ रुपए था जबकि 2014 से 2024 के बीच जब्त की गई ड्रग्स का मूल्य 22,000 करोड़ रुपए है।

### अंतर्राज्यीय मामले एनसीबी...

पदार्थों के खिलाफ जागरूकता पैदा करके इस लड़ाई को एक 'जन आंदोलन' बनाना होगा। केन्द्रीय गृह मंत्री ने एनसीओआरडी मैकेनिज्म के तहत सभी 4 स्तरों पर नियमित बैठकें आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, हाल ही में शुरू किए गए मानस पोर्टल का सभी को उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा, ड्रग्स के पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए अंतर्राज्यीय मामलों को एनसीबी को सौंपा चाहिए।

### शाह बोले- हर पंचायत...

एक सहकारी समिति का गठन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार को संपूर्ण जनजातीय विकास के लिए एक नई पब्लिक डेयरी योजना बनानी चाहिए, जो पैक्स, डेयरी और मात्स्यिकी सहकारी संस्था का काम करेगी। केंद्रीय सहकारिता मंत्री ने कहा, छत्तीसगढ़ की सभी 2058 पीएसीएस ने मॉडल बायलॉज को अपना लिया है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का उपयोग छत्तीसगढ़ में ड्राई एरिया ढूंढने के लिए करना चाहिए, जिससे सहकारिता के विस्तार में मदद मिलेगी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि कंप्यूटराइजेशन होने के साथ ही हर पैक्स को कॉमन सर्विस सेंटर बना देना चाहिए, जिससे पैक्स द्वारा अनेक गतिविधियों का लाभ ग्रामीण जनता तक पहुंच सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के सचिव डॉ. आशीष कुमार भूटानी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### प्रदेश में 4 नए...

जनजातीय लोगों के आर्थिक विकास के लिए शासन के सभी विभागों को संयुक्त जिम्मेदारी के तहत राज्य सरकार के पशुपालन, कृषि, जनजातीय मामले और सहकारिता विभागों को मिलकर काम करना चाहिए।

### एयर गन से...

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को हनुमंत सेवा संस्थान के अध्यक्ष निलेश सोनी एवं लोकेश से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम राजनावगांव के केंवट पारा में एक बंदर घायल है। जिस पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना किया और घायल बंदर को भी बरामद कर लिया, लेकिन कुछ देर बाद बंद की मौत हो गई।

### छग में स्वाइन फ्लू...

तड़के स्वाइन फ्लू के मरीज ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया है। स्वाइन फ्लू से संभाग में यह तीसरी मौत बताई जा रही है। इसके पूर्व भी कोरिया और एमसीबी में वायरस से दो लोगों की मौतें हो चुकी है। मरीज की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड़ पर आ गया है। बताया जा रहा है कि कोरिया जिले के बैकुंठपुर पटना निवासी 83 वर्षीय बुजुर्ग उमाशंकर सोनी को सांस लेने में तकलीफ, पैरों में सूजन व कमजोरी के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी एच1एन1 रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। बुजुर्ग में स्वाइन फ्लू की पुष्टि होने के बाद उसे बैकुंठपुर से रायपुर रिफर किया गया था। बुजुर्ग को 16 अगस्त को रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था लेकिन इस दौरान परिजन बुजुर्ग के बेहतर उपचार के लिए नारायणा से छुट्टी कराकर 17 अगस्त को रायपुर के ही श्री वेंकटेश सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ले गए थे जहां बुजुर्ग का उपचार जारी था लेकिन स्वाइन फ्लू वायरस से संक्रमित बुजुर्ग की हालत में सुधार नहीं हुआ और वे वेंटिलेटर में चले गए।

### फर्जी दिव्यांग सर्टिफिकेट...

आया है। इसमें जांच का आदेश दे दिया गया है। इन पांचों शिक्षकों को अब दिव्यांगता को प्रमाणित करने के लिए रायपुर के मेडिकल कालेज अस्पताल के मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होना पड़ेगा। इसके लिए मुंगेली के जिला शिक्षा अधिकारी ने पांचों को पत्र लिखकर सूचित किया है कि वे 27 अगस्त को रायपुर पहुंचकर मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश हों। पांच शिक्षकों में तीन लेक्चरर हैं। इनमें नरहरि सिंह सहायक विज्ञान शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अखरार, लोरमी, टेकसिंह राठौर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाघमार लोरमी, रविंद्र कुमार गुप्ता व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खपरीकला लोरमी, मनीष राजपूत शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक स्कूल लाखासार लोरमी शामिल हैं। मुंगेली जिले के लोरमी ब्लाक के सारधा, लोरमी, सुकली, झाफल, फुलझर, विचारपुर, बोड़तरा गांव के लोगों के बने 300 से अधिक दिव्यांग प्रमाण-पत्रों पर सवाल उठ रहे हैं। एक गांव के एक ही वर्ग से एक साथ इतने सफल अभ्यर्थियों के श्रवणबाधित होने पर लंबे समय से सवाल विकलांग संघ उठा रहा है लेकिन जांच और कार्रवाई दूर की बात है। हरिभूमि ने इस बारे में खबर छापी तो प्रशासन से लेकर मेडिकल और दूसरे विभागों में हड़कंप मचा है। महीनों तक मामलों को दबाकर रखने वाले अधिकारी अब गंभीरता से जांच की बात कह रहे हैं। फिलहाल जिला शिक्षा अधिकारी के पत्र के बाद उम्मीद जगी है कि बाकी विभागों में जांच होगी।

**लोरमी और जांजगीर में अधिक गड़बड़ी** : विकलांग संघ के मुताबिक 2016 और 2018 में हुई भर्ती की सूची का अवलोकन करने पर एक बात जो देखने में आ रही है कि अधिकांश चयनित उम्मीदवार राजपूत, सिंह और राठौर सरनेम के हैं। यह सभी बिलासपुर, मुंगेली और जांजगीर-चांपा जिले के निवासी हैं। अधिकांश फर्जी प्रमाण पत्र भी लोरमी और जांजगीर-चांपा जिले से बनाए गए है। छत्तीसगढ़ दिव्यांग सेवा संघ के मुताबिक अधिकांश प्रमाण पत्रों में बिलासपुर और मुंगेली में पदस्थ दो डाक्टरों के हस्ताक्षर से जारी हुए हैं। इनमें से एक डाक्टर बिलासपुर में स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण पद पर पदस्थ हैं। संघ ने सभी विकलांग प्रमाण पत्रों की राज्य मेडिकल बोर्ड से जांच कराने की मांग की है।

### कृषि विभाग की...

अधिकारी पद के लिए भर्ती हुई। इसमें जमकर फर्जीवाड़ा किया गया। जिनकी नियुक्ति हुई उनमें से अधिकांश लोगों ने श्रवण बाधित होने का फर्जी विकलांगता प्रमाण पत्र पेश किया है। इस विभाग की जांच सबसे जरूरी है क्योंकि सबसे अधिक गड़बड़ी यहीं हुई है।

## पेज एक के शेष

### 8 साल पहले रोड...

दे दिया है। हर साल 64 करोड़ की वसूली होनी है। तुर्रा यह है कि इस पैसे से सड़क की मरम्मत होगी। लेकिन हरिभूमि को जो तस्वीरें मिली वह सड़क की खस्ताहाल बयां करती हैं।

इसी साल मार्च से एनएचएआई ने वसूली का काम आलोक बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को सौंप दिया है। कंपनी कार और हल्के वाहनों से 15 रुपए और भारी वाहनों से 105 रुपए तक वसूल रही है। इस पैसे से सड़क की मरम्मत की जानी थी। लेकिन नेहरु नगर से टाटीबंध तक 30 किलोमीटर सड़क की स्थिति बहुत ही खराब है। दुर्ग-भिलाई के नौकरी पेशा करीब 10 हजार लोग रोजाना रायपुर आना-जाना करते हैं। पिछले आठ वर्षों से इस सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। सड़क की स्थिति खराब है।

### राज्यभर में युकां ने भरी जेल...

अध्यक्ष आकाश शर्मा धक्का मुक्की बीच जमीन पर गिर पड़े। पुलिस उन्हें घसीटते हुए ले गई। रायपुर में गांधी मैदान से रैली प्रारंभ हुई। सेंट्रल जेल जा रहे कार्यकर्ताओं को मोतीबाग के पास पुलिस ने रोका। यहां कई लेयर के बैरिकेड्स पुलिस ने लगाए थे। मोटी रस्सियों का भी सहारा आंदोलनकारियों को रोकने के लिए लिया गया। रायपुर में प्रदर्शन के दौरान बैरिकेड्स पार करने के दौरान कई कार्यकर्ता जमीन पर गिर गए। उन्हें पुलिस घसीटते हुए लेकर गई। कई को हल्की चोटें भी इस दौरान आईं।

### सांकेतिक गिरफ्तारी...

को यहां रोके रखने के बाद उन्हें जाने दिया। जेल भरो आंदोलन के दौरान राजधानी रायपुर के प्रदर्शन में प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा, पीसीसी प्रदेश सचिव पंकज मिश्रा, युकां महासचिव भावेश शुक्ला, आस मोहम्मद व सोनू शर्मा, युकां जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप, प्रदेश संयोजक तुषार गुहा, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा सहित अन्य 200 से अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।

### दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर...

जिले में कार्यकर्ताओं ने लगाए। गौरतलब है कि बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव सहित कई अन्य गिरफ्तारियां हुई हैं। इसका ही विरोध युवा कांग्रेस द्वारा किया जा रहा था।

नेशनल कांफ्रेंस नेता उमर अब्दुल्ला ने की महबूबा मुफ्ती से अपील

# 'हमारा घोषणापत्र को पीडीपी ने कर लिया कॉपी हमारा एजेंडा एक, चुनाव में न उतारें प्रत्याशी'

एजेंसी ▸▸ श्रीनगर

नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनकी पार्टी का घोषणापत्र कॉपी कर लिया है। उन्होंने महबूबा मुफ्ती की अगुवाई वाली पीडीपी से अपील की कि वे जम्मू-कश्मीर के भले के लिए एनसी-कांग्रेस उम्मीदवारों के खिलाफ अपने प्रत्याशी न उतारें, क्योंकि दोनों पार्टियों का एजेंडा एक जैसा है। अब्दुल्ला की यह टिप्पणी एक दिन बाद आई जब महबूबा ने कहा कि पीडीपी, कांग्रेस-एनसी गठबंधन को पूरा समर्थन देगी और यदि गठबंधन उनकी पार्टी के एजेंडा को स्वीकार करता है तो चुनाव में सभी सीटों को छोड़ देगी। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह बातें केंद्रीय कश्मीर के गांदरबल जिले में एनसी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं, जहां कार्यकर्ता सईम मुस्तफा पार्टी में शामिल हुए. उमर ने कहा कि एनसी ने विधानसभा चुनाव के लिए एक व्यापक घोषणापत्र तैयार किया है जिसे अन्य पार्टियों ने कॉपी किया है। उन्होंने कहा, "हमने घोषणापत्र में कुछ भी छोड़ा नहीं है। आज, सभी ने हमारे घोषणापत्र की नकल कर ली है। उन्हें कुछ अंतर रखना चाहिए था। उमर ने कहा कि उनकी पार्टी ने सत्ता में आने पर 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा किया था और उन्होंने (पीडीपी) भी कहा कि वे 200 यूनिट देंगे।



### उमर गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे चुनाव

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। यह घोषणा लोकसभा सदस्य सैयद रुहुल्लाह मेहदी और एनसी के प्रांतीय अध्यक्ष नासिर असलम वानी ने रविवार को उमर अब्दुल्ला और एनसी के वरिष्ठ नेता और अनंतनाग-राजौरी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद मियां अल्ताफ अहमद की उपस्थिति में की. उमर अब्दुल्ला गांदरबल जिले के नुनेर गांव आए थे, जहां एक राजनीतिक कार्यकर्ता सईम मुस्तफा पार्टी में शामिल हुए।

### महबूबा ने विपक्षी गठबंधन के सामने रखी थी बड़ी शर्त




गौरतलब है, चुनाव के ऐलान के तुरंत बाद कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने गठबंधन का ऐलान किया था। वहीं विपक्षी गठबंधन में शामिल होने को लेकर जम्मू कश्मीर की पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती ने भी एक दिन पहले ही बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर उनका एजेंडा स्वीकार किया जाता है तो वह भी इस गठबंधन में शामिल हो सकती हैं। दरअसल, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि यदि कांग्रेस-एनसी गठबंधन पार्टी के एजेंडे को स्वीकार करने के लिए तैयार है तो पीडीपी उसे पूरा समर्थन देगी और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में सभी सीटें गठबंधन के लिए छोड़ देगी। बता दें कि पीडीपी ने आखिरी बार बीजेपी के साथ गठबंधन कर साल 2018 के मध्य तक सरकार चलाई थी। दोबारा केंद्र की सत्ता धारी पार्टी के साथ गठबंधन की संभावनाओं पर पीडीपी चीफ ने कहा है कि बीजेपी गठबंधन नहीं ही होगा।

### राज्य में तीन फेज में होनी है वोटिंग

बता दें कि जम्मू कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाने के बाद राज्य में परिसीमन भी हुआ है, और राज्य की 90 सीटों पर 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन फेज में वोटिंग होगी।

### जन्माष्टमी उत्सव...



**बेंगलुरु।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार को भगवान कृष्ण की पोशाक पहने बच्चे जन्माष्टमी उत्सव समारोह में हिस्सा लेते हुए। गौरतलब है कृष्ण जन्माष्टमी सोमवार को है।

### ढाका में प्रदर्शन के चलते थमी मेट्रो एक महीने बाद फिर दौड़ी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना के शासन के खिलाफ शुरू हुई हिंसा अब भले ही थम गई है, लेकिन तनाव बना हुआ है। हालांकि, हालातों को धीरे-धीरे सामान्य करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। एक महीने से बंद पड़ी ढाका मेट्रो की सेवा को रविवार को फिर से शुरू कर दिया गया है। मीरपुर 10 और काजीपारा स्टेशन हालांकि बंद रहेंगे। ढाका मेट्रो की सेवा के बहाल होने से यात्रियों, विशेष रूप से छात्रों और कार्यालय जाने वालों ने राहत की सांस ली क्योंकि उन्हें अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोजाना यातायात भीड़ से गुजरना पड़ता था।बताया जा रहा है कि मेट्रो सेवा सुबह करीब सात बजे बहाल हुई। बता दें, जुलाई में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान मीरपुर-10 और काजीपारा स्टेशनों पर तोड़फोड़ की गई थी। ढाका मेट्रो की सेवाएं जुलाई के तीसरे सप्ताह में यात्रियों के लिए बंद कर दी गई थीं।

शरीर के अंदर होगी फिट

# अमेरिकी वैज्ञानिकों ने बनाई बाल के आकार जितनी पतली बैटरी

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी वैज्ञानिकों ने बाल के आकार की बैटरी विकसित की है। यह बैटरी दशमलव (.) जैसे आकार के रोबोट को शक्ति प्रदान कर सकती है। यह जिंक-एयर बैटरी अपने आस-पास से ऑक्सीजन को पकड़ती है और जिंक की छोटी मात्रा को ऑक्सीकृत करती है। यह एक ऐसी प्रतिक्रिया है जो 1 वोल्ट तक पावर सप्लाई पैदा कर सकती है। यह ऊर्जा सेंसर या एक छोटी रोबोटिक भुजा जैसी चीजों को शक्ति प्रदान कर सकती है जो मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति की कोशिकाओं में सीधे इंसुलिन जैसे पदार्थों को पहुंचाने के लिए ऊपर और नीचे जा सकती है।

इस खोज से जुड़े अध्ययन के वरिष्ठ लेखक और एमआईटी में एक केमिकल इंजीनियर माइकल स्ट्रानो ने कहा, "मैरियोनेट सिस्टम को वास्तव में बैटरी की आवश्यकता नहीं है क्योंकि उन्हें अपनी जरूरत की सारी ऊर्जा बाहर से मिल रही है।" उन्होंने आगे कहा, "लेकिन अगर आप चाहते हैं कि एक छोटा रोबोट उन जगहों पर पहुंच सके जहां आप नहीं पहुंच सकते, तो उसे अधिक स्वायत्तता की जरूरत है।

### शरीर के अंदर रोबोट को देगा शक्ति

वैज्ञानिक सेल (कोशिका) के आकार के रोबोट "मैरियोनेट्स" को लंबे समय तक शरीर में विशिष्ट स्थानों पर दवाएं पहुंचाने के लिए तैयार कर रहे हैं। लेकिन, उनके सामने इन रोबोट्स को शक्ति प्रदान करना एक चुनौती रहा है। कई मौजूदा डिजाइन सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करते हैं, जिसका अर्थ है कि उन्हें या तो सूर्य के प्रकाश के संपर्क में आना चाहिए या लेजर के जरिए नियंत्रित किया जाना चाहिए। लेकिन, दोनों में से कोई भी शरीर में बहुत अंदर तक प्रवेश नहीं करता है। ऐसे में रोबोट की बैटरी को रिचार्ज करना मुश्किल हो सकता है। हालांकि, इस नई खोज ने वैज्ञानिकों को बहुत बड़ी राहत दे दी है।

### बैटरी का साइज

नई बैटरी अब तक की सबसे छोटी बैटरी में से एक है। 2022 में, जर्मनी के शोधकर्ताओं ने एक मिलीमीटर आकार की बैटरी का निर्माण किया था, जो एक माइक्रोचिप पर फिट हो सकती है। स्ट्रानो और उनकी टीम की बैटरी लगभग 10 गुना छोटी है, जो केवल 0.1 मिलीमीटर लंबी और 0.002 मिलीमीटर मोटी है। औसत मानव बाल लगभग 0.1 मिलीमीटर मोटे होते हैं। बैटरी में दो कंपोनेंट होते हैं, एक जिंक इलेक्ट्रोड और एक प्लैटिनम इलेक्ट्रोड। ये **SU**-8 नामक पॉलिमर में एम्बेडेड होते हैं। जब जिंक हवा से ऑक्सीजन के साथ प्रतिक्रिया करता है, तो यह एक ऑक्सीकरण प्रतिक्रिया बनाता है जो इलेक्ट्रॉनों को छोड़ता है। ये इलेक्ट्रॉन प्लैटिनम इलेक्ट्रोड में प्रवाहित होते हैं।

## राशिफल

**मेष** रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# सीट बंटवारे पर एकजुट नहीं एमवीए! राउत के दावे का एनसीपी और कांग्रेस ने किया खंडन

एजेंसी ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। हालांकि ऐसा लगता है कि विपक्षी खेमे महाविकास अघाड़ी में भी सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। शिवसेना (यूबीटी), कांग्रेस और एनसीपी (शरद पवार) के नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर बैठक हुई। इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि मुंबई में 99 प्रतिशत सीटों को अंतिम रूप दे दिया गया है। हालांकि हैरानी की बात यह है कि एनसीपी (शरद पवार) और कांग्रेस ने शिवसेना (यूबीटी) के दावे का खंडन किया है। शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता संजय राउत ने मुंबई में पत्रकारों से कहा, "हमारी कल की बैठक में हमने मुंबई की 36 सीटों के लिए सीट बंटवारे को लगभग अंतिम रूप दे दिया है। हमारे बीच 99 प्रतिशत सीटों पर सहमति है।

### राज ठाकरे उतारेंगे 225 सीटों पर उम्मीदवार



इस बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने सभी 225 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को नागपुर में कहा, "लोगों ने महायुति और एमवीए द्वारा खेली गई गंदी राजनीति को देखा है।

### शब्द पहेली - 5613



**बाएँ से दाए-**
1. ईश्वर, करतार-3
3. मुस्कुराहट-3
5. ईख-2
6. रजनीगंधा -2, 1, 2
9. समुद्र तट (अंग्रेजी-2)
11. ताकत, दम-2
12. अमिताभ व किमी काटकर की फिल्म-2
13. वेतन, पगार-3
16. मनोनीत, नामकृत-3
18. बंधक, गिरवी वस्तु-3
20. निशा, रात्री-3
22. वचन, प्रतिज्ञा-3
23. श्रीनगर की झील-2
24. मूल्य, कीमत-2
25. असावधान-3
28. धिक्कार, फटकार-3
30. हवा, पवन-3
31. झाझर, कुंभ-3
33. चिंतन-3
35. संस्कृत में मेरा-2
36. मादा का विलोम-2
38. कुबेर, भूत-2
40. परोपकारी, जितेंद्र की एक फिल्म-5
41. फलों का राजा-2
42. फूल चुननेवाली-3
43. घोड़ों की देखभाल करनेवाला-3

**ऊपर से नीचे**
1. तमिल भाषा में बड़ा भाई-2
2. बेकार-3
3. दीवान, खजांची-3
4. पैगंबर, रसूल-2
5. झूठ, मिथ्या -3
7. तेल में पकाना-3
8. आराम, मदद-3
10. गुलिस्ता-3
14. नरकभोगी-5
15. खुजली-2
17. सखा, दोस्त-2
18. मजा, आनंद-2
19. स्वदेशवासी-5
21. सुई (अंग्रेजी-3)
22. विष्णुप्रिया-3
26. पुनः, वापस-2
27. मर्करी, पारद-2
29. भीगा हुआ-2
30. वक्त, टाईम-3
31. अच्छी बुद्धि-3
32. निम्नता-3
34. मुलायम-3
35. बड़ा, विशाल-3
37. धनवान-3
39. माफी-2
41. उम्मीद-2

**शब्द पहेली -5612 का हल**



### सूडोकु नवताल - 5624

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5623 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

# पाकिस्तान में इस वर्ष दिसंबर से चलने लगेंगे पॉलीमर प्लास्टिक के बैंक नोट

## स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर अहमद ने की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपनी करेंसी को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। यह फैसला भारत की नोटबंदी से मिलता-जुलता है। मगर, नोटों को बदलने का फैसला बिलकुल अलग तरीके से लागू किया जाएगा।

■ पुराने नोटों को तत्काल न बदलकर पांच वर्ष चलने दिया जाएगा

इसका ऐलान अभी से कर दिया गया है ताकि लोगों को इस बारे में जानकारी रहे। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर जमील अहमद ने कहा है कि देश में चल रहे सभी कागज के नोटों को दिसंबर तक पॉलीमर प्लास्टिक नोट से बदल दिया जाएगा। इससे फेक करेंसी की समस्या खत्म हो जाएगी।

जमील अहमद ने सीनेट की एक कमेटी से कहा कि नए प्लास्टिक नोटों को रीडिजाइन किया जाएगा। साथ ही इसमें सुरक्षा के नए फीचर और होलोग्राम जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 रुपए से लेकर 50, 100, 500, 1000 और 5000 के नए नोट जारी किए जाएंगे। सीनेट कमेटी के सूत्रों के हवाले से पता चला है कि पुराने नोटों को तत्काल नहीं हटाया जाएगा। इन्हें 5 साल तक चलने दिया जाएगा। इसके बाद धीरे-धीरे इन्हें मार्केट से बाहर कर दिया जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले चलाए थे ऐसे नोट

स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के गवर्नर ने बताया कि सेंट्रल बैंक नए पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोट के साथ प्रयोग कर रहा है। इस नोट को जनता को इस्तेमाल करने के लिए दिया जाएगा। अगर सही प्रतिक्रिया आई तो सारे नोट प्लास्टिक के बना दिए जाएंगे। फिलहाल 40 देशों में पॉलीमर प्लास्टिक बैंक नोट इस्तेमाल किए जा रहे हैं। ऐसा कहा जाता है कि इनके नकली नोट बनाना बहुत मुश्किल काम है। ऑस्ट्रेलिया ने सबसे पहले 1998 में ऐसे नोट चलाए थे।



### पाकिस्तान में चलता रहेगा 5000 रुपए का नोट

इसके अलावा जमील अहमद ने स्पष्ट किया कि पाकिस्तान में 5000 रुपए का नोट चलता रहेगा। सेंट्रल बैंक ने इसे बंद करने की कोई योजना नहीं बनाई है। पाकिस्तान में इस बड़े नोट के खिलाफ आवाज उठाई जा रही थी। सीनेट मेंबर मोहम्मद अजीज ने कहा था कि इतने बड़े नोट से भ्रष्टाचार करने में आसानी हो जाती है। मगर, स्टेट बैंक गवर्नर ने कहा कि अभी हमें 5000 रुपए के नोट की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### अदाणी समूह ने अंबुजा सीमेंट में हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह के प्रवर्तक ने खुले बाजार लेनदेन के जरिये अंबुजा सीमेंट्स में लगभग 2.8 प्रतिशत हिस्सेदारी जीक्यूजी पार्टनर्स जैसे निवेशकों को 4,250 करोड़ रुपये में बेच दी है। प्रवर्तक ने अंबुजा सीमेंट्स की हिस्सेदारी को अपने नियमित समायोजन के हिस्से के रूप में बेचा।

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस व टीसीएस रही सबसे आगे




**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से बीते सप्ताह 95,522.81 करोड़ रुपये बढ़े। इनमें रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और एचयूएल सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स शुक्रवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 33.02 अंक यानी 0.04 प्रतिशत बढ़कर 81,086.21 पर बंद हुआ।

### सरकार छह दशक पुराने चीनी मानदंड बदलेगी



**नई दिल्ली।** खाद्य मंत्रालय चीनी के उत्पादन, भंडारण और मूल्य निर्धारण से संबंधित लगभग छह दशक पुराने विनियमन को प्रौद्योगिकी में हुई प्रगति के अनुरूप बनाने की योजना पर काम कर रहा है। इस संबंध में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने चीनी (नियंत्रण) आदेश, 2024 का मसौदा जारी किया है।

### नायका के शेयरधारकों ने 1.45% हिस्सेदारी बेची




**नई दिल्ली।** सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल ब्रांड नायका का संचालन करने वाली कंपनी एफएसएन ई-कॉमर्स वेंचर्स लिमिटेड के एक सार्वजनिक शेयरधारक ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये 1.43 प्रतिशत हिस्सेदारी 851 करोड़ रुपये में बेच दी। आंकड़ों के मुताबिक, हरिंदरपाल सिंह बंगा ने नायका में चार करोड़ से अधिक शेयर यानी 1.43 प्रतिशत हिस्सेदारी 208.30 रुपये प्रति शेयर के हिसाब से बेची।

### मारुति नेक्सा का बिक्री नेटवर्क बढ़ा 650 करेगी



**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया की योजना चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अपनी 'नेक्सा'' के बिक्री नेटवर्क को बढ़ाकर लगभग 650 आउटलेट तक करने की है। कंपनी का का लक्ष्य देशभर के दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों में अपनी पहुंच बढ़ाना है। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी का लक्ष्य देशभर में नेक्सा के लगभग 150 नए शोरूम खोलने का है।

### इकोस मोबिलिटी का आईपीओ 28 को खुलेगा



**नई दिल्ली।** ड्राइवर-चालित परिवहन समाधान प्रदाता इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड (ईसीओएस) ने अपने 601 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 318-334 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि आरंभिक शेयर बिक्री 28 अगस्त को खुलकर 30 अगस्त को बंद होगी। एंकर निवेशक 27 अगस्त को शेयरों के लिए बोलियां लगा सकेंगे।

## इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और गैस कंपनी गेल शामिल

# नियमों का पालन नहीं करने पर लगातार पांचवीं तिमाही तेल कंपनियों पर जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शेयर बाजार बीएसई और एनएसई ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (एचपीसीएल), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल), ऑयल इंडिया लि. (ओआईएल), गेल (इंडिया) लि. और मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लि. (एमआरपीएल) पर अप्रैल-जून तिमाही में सूचीबद्धता की आवश्यकता को पूरा नहीं करने के लिए जुर्माना लगाया है।

कंपनियों ने शेयर बाजारों को अलग-अलग दी सूचना में कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में स्वतंत्र निदेशकों की अपेक्षित संख्या या अनिवार्य महिला निदेशकों के नहीं होने से बीएसई और एनएसई ने जुर्माना लगाया है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि निदेशकों की नियुक्ति सरकार को करनी है और इसमें उनकी कोई भूमिका नहीं है। कंपनियों को पिछली चार तिमाहियों में भी इसी कारण जुर्माना का सामना करना पड़ा था।

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और गैस कंपनी गेल समेत अन्य बड़ी तेल कंपनियों पर सूचीबद्धता मानदंडों को पूरा करने में विफल रहने को लेकर लगातार पांचवीं तिमाही में जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना अपने निदेशक मंडलों में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र और महिला निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने को लेकर लगाया गया है।

### निदेशकों को नियुक्ति का अधिकार मंत्रालय के पास

आईओसी ने कहा, "नोटिस के जवाब में, इंडियन ऑयल ने 22 अगस्त, 2024 के पत्र के माध्यम से बीएसई और एनएसई को बताया है कि एक सरकारी कंपनी होने के नाते, निदेशकों को नियुक्त करने का अधिकार पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास है। ऐसे में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान कंपनी के निदेशक मंडल में महिला स्वतंत्र निदेशक की नियुक्ति नहीं करने सहित स्वतंत्र निदेशकों की कमी कंपनी की लापरवाही/चूक के कारण नहीं है।"



### निदेशकों की नियुक्ति को लेकर मामला कंपनी उठाती रही

कंपनी ने कहा कि आईओसी को जुर्माना भरने के लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए तथा उसे माफ कर दिया जाना चाहिए। कंपनी ने कहा कि वह कॉरपोरेट संचालन नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपेक्षित संख्या में निदेशकों की नियुक्ति को लेकर मंत्रालय के साथ लगातार मामला उठाती रही है।
बीपीसीएल ने कहा कि निदेशक मंडल में एक स्वतंत्र निदेशक कम होने के कारण बीएसई और एनएसई ने उस पर 2,41,900-2,41,900 रुपये का जुर्माना लगाया है।

### स्वतंत्र निदेशक रखने की जरूरत होती है

सूचीबद्धता नियमों के अनुसार कंपनियों को कार्यकारी या कार्यात्मक निदेशकों के समान अनुपात में स्वतंत्र निदेशक रखने की जरूरत होती है। उन्हें निदेशक मंडल में कम-से- कम एक महिला निदेशक रखने की भी आवश्यकता है।
आईओसी ने कहा कि बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लि. (एनएसई) ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के दौरान निदेशक मंडल की संरचना से संबंधित सेबी (सूचीबद्धता बाध्यता और खुलासा जरूरत) के विनियमन 17(1) का अनुपालन नहीं करने के लिए कंपनी पर 5,36,900-5,36,900 रुपये का जुर्माना लगाया।

# सुरक्षा समूह ने जेपी इंफ्राटेक में 250 करोड़ रुपए लगाए

## 20 हजार फ्लैट पूरे करने को ऋण सुविधा मिली



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रियल एस्टेट कंपनी सुरक्षा समूह ने दिवाला प्रक्रिया के जरिये जेपी इंफ्राटेक का अधिग्रहण करने के बाद उसमें 250 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनी ने दिल्ली-एनसीआर में लगभग 20,000 अधूरे फ्लैटों को पूरा करने के लिए 3,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा भी हासिल की है। जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड की बही-खाते में लगभग 1,000 करोड़ रुपये नकद पड़े हैं, जो दिवाला कंपनी ने रियल एस्टेट कारोबार और ग्रेटर नोएडा तथा आगरा को जोड़ने वाले यमुना एक्सप्रेसवे की टोल आय से जमा किए हैं। सूत्रों के अनुसार, सुरक्षा समूह ने जून की शुरुआत में जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड (जेआईएल) का नियंत्रण लेने के बाद इक्विटी और ऋण के रूप में इसमें 250 करोड़ रुपये डाले हैं। जेआईएल के पास फिलहाल 1,250 करोड़ रुपये का फंड है, जिसमें 1,000 करोड़ रुपये की आंतरिक नकदी और सुरक्षा समूह से 250 करोड़ रुपये का निवेश शामिल है। सुरक्षा समूह ने 3,000 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा का इंतजाम भी किया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करने के लिए धन की कमी न हो।

### 62 टावरों में निर्माण की गति तेज

इन टावरों में सुरक्षा समूह के अधिग्रहण से पहले केवल 62 टावरों में निर्माण कार्य चल रहा था, जबकि बाकी 97 टावरों पर गतिविधियां पूरी तरह से रुकी हुई थीं। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा समूह ने 62 टावरों में निर्माण की गति तेज कर दी है और पूरी हो चुकी इमारतों के लिए पूर्णता प्रमाण पत्र के लिए भी आवेदन किए जा रहे हैं।

# विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार करने में क्रेडाई योगदान दे : अग्रवाल

**रायपुर।** इस माह की 23 तारीख से प्रारंभ हुए तीन दिवसीय क्रेडाई प्रापर्टी एक्सपो का रविवार को शानदार ढंग से समापन हो गया। अंतिम दिन इंडोर स्टेडियम में पहुंचे लोगों को देखकर लग रहा था कि इस एक्सपो से उनके आशियाना का सपना पूरा होना तय है। वे इस बात से भी खुश नजर आ रहे थे कि कहां लेना बेहतर होगा और किस बजट की बुकिंग करें यह भी उन्होंने प्रापर्टी एक्सपो में आकर निश्चित किया।

प्रापर्टी एक्सपो को मिले काफी अच्छे रिस्पांश से बिल्डर्स समेत सभी पार्टिसिपेट करने वाले भी खुश थे। काफी बड़ी संख्या में लोगों ने प्रापर्टी बुकिंग कराई और हजारों की संख्या में लोग विजिट करने पहुंचे। समापन समारोह में स्टाल होल्डर्स समेत अन्य सभी सहयोगियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। वहीं लकी ड्रा के विजेताओं को भी पुरस्कार दिया गया। क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष संजय रहेजा, प्रोग्राम चेयरमैन ऋषभ जैन, को-चेयरमैन नवनीत अग्रवाल व सचिव पंकज लाहोटी ने आयोजन में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

क्लोजिंग सेरेमनी के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक आव्हान किया है एक पेड़ माँ के नाम, क्रेडाई यह निर्णय क्यों नहीं ले सकता है कि वे अपने - अपने कॉलोनियों को मिलाकर 5 लाख पेड़ वहां रहने वाले लोगों के परिजनों की स्मृति में लगवाए। इससे घर के साथ - साथ इनवायरमेंट भी वहां रहने वाले लोगों को मिलेगा।

हम हमेशा देखते है कि रायपुर में लोग यहां बसने के लिए क्यों आते हैं क्योंकि यहां आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी और एम्स जैसे इंस्टीट्यूट है।

### क्रेडाई अपने कालोनियों में 5 लाख वृक्ष लगाने का लक्ष्य तय करे




### एक्सपो एक विजन हैः मूणत

विशिष्ट अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि रोटी कपड़ा और मकान सभी की आवश्यकता होती है इंसान रोटी और कपड़ा की व्यवस्था तो कैसे भी करके कर लेता है लेकिन अपने घर की व्यवस्था कर पाना काफी मुश्किल होता है इसे आसान बनाने लिए आपने जो यह आयोजन किया है उसके लिए क्रेडाई को बधाई देता हूं। विशिष्ट अतिथि विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत ने कहा कि एक्सपो एक विजन और कल्पना को साकार करने का काम करें।

### लक्की ड्रा में ये रहे विजेता

- **बंफर प्राइस ई बाइक के विजेता रहे बजाज स्कॉय :** पंकज सिंह
- **माइक्रो वेव :** बिअष्ट विनायक रियॉलिटी - दीपक वैष्णव व विमला देवी। राजीव कृष्ण - फेस 2 - चित्ररेखा व देवाशीष मजूमदार। अशोका फॉमेडॉस - डा. विवेक पटेल
- **वॉशिंग मशीन :** द पार्क साइड के ऋषभ बिल्डर्स से - अतुल दीक्षित। वॉलफोर्ट विहार - रीतु राज सिंह राजपूत। समृद्धि अल्ट्रानेट - संतोष अग्रवाल। अविनाश ग्रुप - विजय राव

# एफपीआई ने बांड बाजार में लगाए 11,366 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक देश के बांड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। इसके साथ बांड क्षेत्र में शुद्ध रूप से पूंजी प्रवाह इस साल एक लाख करोड़ रुपये का पार कर गया है। भारत के बांड बाजार में विदेशी निवेशकों की मजबूत खरीदारी का कारण इस साल जून में जेपी मॉर्गन के उभरता बाजार सरकारी बांड सूचकांक में भारत को शामिल किये जाने को दिया जा सकता है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (24 अगस्त तक) बॉन्ड बाजार में 11,366 करोड़ रुपये लगाये हैं। भारतीय बांड बाजार में जुलाई में 22,363 करोड़ रुपये, जून में 14,955 करोड़ रुपये और मई में 8,760 करोड़ रुपये के शुद्ध निवेश हुए थे। इससे पहले, उन्होंने अप्रैल में 10,949 करोड़ रुपये निकाले थे।

### त्योहारी मांग से सभी तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नई दिल्ली।** किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे दाम पर बिकवाली से बचने तथा त्योहारी मांग बढ़ने के बीच बीते सप्ताह देश के तेल - तिलहन बाजारों में सरसों , मूंगफली एवं सोयाबीन तेल - तिलहन , कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के भाव मजबूती के साथ बंद हुए।

## बिजनेस साइट

# मेफेयर रिसोर्ट प्रीमियम टाउनशिप हुआ लांच



रायपुर। अग्रवाल कंस्ट्रक्शन और कोंट्रेक्टर्स ग्रुप ने लांच किया अपना सबसे बड़ा प्रोजेक्ट मेफेयर रिसोर्ट। विधानसभा रोड मांढर स्टेशन कोलंबिया कॉलेज के पास स्थित इस रिसोर्ट में कार्यक्रम की शुरुआत पूजा अर्चना से की गई। जिसमें श्रीमती पार्वती देवी अग्रवाल के द्वारा भगवान की पूजा करने के बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। मेफेयर रिसोर्ट के प्लाट और बंगलो की बुकिंग के लिए सुबह से ही लोगों का ताता लगा रहा लोगों ने प्लांट और बंगलो के बारे में विस्तृत जानकारी ली और जिसमें 113 से ज्यादा प्लांट की बुकिंग हुई, प्लांट बुकिंग करने वाले कस्टमर को स्पेशल गिफ्ट दिया गया। करीब 500 से ज्यादा परिवार प्रोजेक्ट स्थल पर पहुंचे थे और करीब 700 से ज्यादा लोगों ने फोन के द्वारा प्रोजेक्ट की जानकारी ली। अग्रवाल कंट्रक्शन और कोंट्रेक्टर्स के प्रोपराइटर आकाश अग्रवाल ने कहा कि हम लोगों के लिए घर नहीं उनके सपनों को साकार करते हैं। हम सुरक्षा का विशेष ध्यान रखते हैं और एक सुंदर पारिवारिक, सामाजिक, प्राकृतिक वातावरण लोगों को देना चाहते हैं। इसीलिए यह प्रीमियम टाउनशिप लांच करना हमारा मुख्य उद्देश्य रहा और लोगो को काफी पसंद आ रहा है।

## सेबी के खिलाफ उठाएंगे उचित कदम

# सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे अनिल अंबानी : प्रवक्ता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

उद्योगपति अनिल अंबानी पूंजी बाजार नियामक सेबी के आदेश की समीक्षा कर रहे हैं। वे कानूनी सलाह के आधार पर उचित कदम उठाएंगे। उनके प्रवक्ता ने रविवार को यह कहा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अनिल अंबानी को पूंजी बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। प्रवक्ता ने बयान में कहा कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े एक मामले में सेबी के 11 अगस्त, 2022 के अंतरिम आदेश का पालन करने के लिए अंबानी ने रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और रिलायंस पावर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था।

■ रिलायंस इंफ्रा व पावर से पहले ही दे चूके इस्तीफा

### धन की हेराफेरी का लगा था आरोप

बयान के अनुसार, वह /''पिछले ढाई वर्षों से उक्त अंतरिम आदेश (11 फरवरी, 2022 के) का अनुपालन कर रहे हैं। सेबी ने 22 अगस्त को दिए आदेश में अनिल अंबानी और 24 अन्य को धन की हेराफेरी के आरोप में प्रतिभूति बाजार से पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया था।



### मामलों पर कोई असर नहीं पड़ेगा

बयान के अनुसार, "अनिल अंबानी ने उसी कार्यवाही में सेबी द्वारा पारित 11 फरवरी, 2022 के अंतरिम आदेश के अनुसार रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक मंडल से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए, सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त, 2024 के आदेश का रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के व्यवसाय और मामलों पर कोई असर नहीं पड़ता है।"

### नोटिस में रिलायंस इंफ्रा कोई पक्ष नहीं थी

मुंबई की सूचीबद्ध रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड ने एक अलग बयान में कहा कि वह "सेबी के समक्ष कार्यवाही में नोटिस प्राप्तकर्ता या पक्ष नहीं थी, जिसमें आदेश पारित किया गया है। रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ आदेश में कोई निर्देश नहीं दिए गए हैं।

### अंबानी कानूनी सलाह के अनुसार कदम उठाएंगे

प्रवक्ता ने कहा, /''अनिल अंबानी उक्त मामले में सेबी द्वारा पारित 22 अगस्त, 2024 के अंतिम आदेश की समीक्षा कर रहे हैं और कानूनी सलाह के अनुसार अगला कदम उठाएंगे।/'' सेबी ने अंबानी पर 25 करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि उन्होंने रिलायंस होम फाइनेंस से धन की हेराफेरी करने की योजना बनाई थी।

### अनिल सूचीबद्ध कंपनियों के चेयरमैन रहे

रिलायंस होम फाइनेंस, रिलायंस समूह की एक सूचीबद्ध अनुषंगी कंपनी है जिसके वे चेयरमैन हैं। प्रतिबंध के तहत अनिल और अन्य 24 इकाइयां प्रतिभूति बाजार में लेन-देन नहीं कर पाएंगे। उन पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूतियों की खरीद, बिक्री या लेनदेन करने पर प्रतिबंध रहेगा।

# बॉलीवुड का सबसे खूंखार विलेन, न कभी नॉनवेज खाया, न कभी शराब पी

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के इतिहास में एक से बढ़कर एक विलेन हुए हैं। रुपहले पर्दे पर विलेन का जलवा सबसे ज्यादा 70 और 80 के दशक में देखने को मिला है। उस दौर में अमरीश पुरी, प्रेम चोपड़ा, शक्ति कपूर, डैनी डेंगजोंग्पा, अमजद खान और प्राण साहब जैसे कई बेहतरीन विलेन हुए। उसी दौर के खूंखार खलनायक रंजीत भी रहे। एक्टर रंजीत किसी पहचान के मोहताज नहीं हैं। बॉलीवुड की करीब 200 फिल्मों में उन्होंने काम किया है। उन्होंने कई फिल्मों में रेप सीन किए। हालांकि असल जिंदगी में वे बेहद शर्मीले हैं। एक इंटरव्यू में एक्टर ने खुद से और बॉलीवुड सेलेब्स से जुड़े बड़े खुलासे किए थे।*

### ना कभी शराब पी ना नॉनवेज खाया

विलेन रंजीत कई फिल्मों में शराबी बनकर भी नजर आए लेकिन उन्होंने अपनी लाइफ में कभी शराब का टेस्ट तक नहीं लिया न ही वे नॉनवेज खाते हैं। हालांकि एक दौर में एक्टर के घर पर बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस और बड़े-बड़े एक्टर्स पार्टी करते थे। सेलेब्स ड्रिंक्स भी लेते थे और नॉनवेज भी खाते थे, मगर वे न खाते थे और न ही पीते थे।



### परवीन बाबी बनाती थीं ड्रिंक्स, काका पी जाते थे पूरी बोतल

कुछ महीनों पहले रंजीत ने अपने घर पर होने वाली स्टार्स की पार्टी का खुलास किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि, 'मेरे पेरेंट्स दिल्ली में रहते थे और मैं जुहू में रहता था। हर कोई रोज शाम मेरे घर आ जाता था, क्योंकि मेरे घर में कोई फॉर्मेलिटी या पाबंदी नहीं थी। परवीन बाबी घर आकर ड्रिंक्स बनाती थीं। राजेश खन्ना जैसे लोग एक रात में एक से दो बोतल शराब पी जाते थे।

### कौन-सी हीरोइन क्या बनाती थीं

रीना रॉय मेरे घर आकर पराठे बनाती थीं, मौसमी चटर्जी मछली पकाती थीं। नीतू सिंह भिंडी बनातीं। घर का माहौल बहुत अच्छा होता था। वहीं मेल गेस्ट में सुनील दत्त, राजकुमार, संजय खान, फिरोज खान, धर्मेंद्र, शत्रुघ्न सिन्हा मौजूद रहते थे।

### आखिरी बार 'हाउसफुल 4' में नजर आए थे रंजीत

82 साल के दिग्गज एक्टर रंजीत ने अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी। उनकी शानदार फिल्मों में 'शराबी', 'सुहाग', 'लैला मजनू', 'रॉकी', 'धरम-वीर', 'प्रेम प्रतिज्ञा', 'धर्मात्मा', 'नमक हलाल' और कैदी सहित कई फिल्में शामिल है। बता दें कि एक्टर को आखिरी बार अक्षय कुमार की सुपरहिट फिल्म 'हाउसफुल 4' में देखा गया था।

# करोड़ों की मालकिन लग्जरी लाइफ...

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्फी जावेद की पहचान से हर कोई वाकिफ है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस खूब एक्टिव रहती हैं। छोटे पर्दे से अपना करियर शुरू करने वाली उर्फी जावेद ने आज भले ही अपना मुकाम हासिल कर लिया है, लेकिन एक समय ऐसा था जब वह ब्रेकअप के दर्द में सुसाइड भी करना चाहती थी। आज उर्फी काफी लग्जरी लाइफ जीती हैं। आपको बता दें कि उर्फी जावेद की रोजाना की कमाई लाखों में होती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उर्फी जावेद का कमाई का सबसे बड़ा सोर्स सोशल मीडिया ही है। मिलियन में फॉलो करने वाले लोगों ने ही उर्फी को पॉपुलर इंफ्लुएंसर बनाया है। जिस वजह से उनके साथ कई बड़े ब्रांड कोलॉब करते हैं। ब्रांड कोलॉब के साथ उर्फी को मोटी कमाई होती है।



# इस खूबसूरत मुस्लिम एक्ट्रेस ने की थी सात साल छोटे हिंदू एक्टर से शादी...

**मुंबई।** हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई हिंदू हसीनाओं ने मुस्लिम एक्टर्स से शादी की हैं। वहीं कई मुस्लिम हसीनाओं का दिल हिंदू एक्टर्स पर आया। हिंदू एक्टर्स से कई हसीनाएं शादी कर चुकी हैं और अब वे खुशहाल लाइफ जी रही हैं। आज हम आपको एक ऐसी ही अभिनेत्री के बारे में बता रहे हैं जिसने मुस्लिम होते हुए दूसरे धर्म में शादी की थी और वो भी अपने से सात साल छोटे अभिनेता थे। ये एक्ट्रेस कभी अपनी खूबसूरती और एक्टिंग के लिए चर्चा में थीं। बाद में इस एक्ट्रेस के पति पर रेप का केस भी दर्ज हुआ था। वहीं इसने अपनी पर्सनल लाइफ से भी खूब सुर्खियां बटोरीं।




***1976 की फिल्म 'चितचोर' में किया काम :*** जिस हसीना के बारे में जानने के लिए आप एक्साइडेड हैं उनका नाम हैं जरीना वहाब। मुस्लिम धर्म से ताल्लुक रखने वाली जरीना वहाब का जन्म 18 जुलाई 1959 को विशाखापट्टनम में हुआ था। उन्होंने साल 1976 की फिल्म 'चितचोर' में काम किया था। इसके बाद वे 'घरौंदा' और 'हम किसी से कम नहीं' जैसी फिल्मों में भी नजर आईं। अपने करियर में एक्ट्रेस ने कई हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ सिनेमा में भी काम किया।

***1986 में हिंदू एक्टर आदित्य पंचोली से की थी शादी :*** बॉलीवुड में काम करने के दौरान जरीना वहाब जाने-माने एक्टर आदित्य पंचोली पर दिल हार बैठी थीं। बताया जाता है कि दोनों साल 1986 की फिल्म 'कलंक का टीका' के दौरान मिले थे। इसके बाद दोनों ने साल 1986 में ही शादी रचा ली थी। गौरतलब है कि जरीना और आदित्य की उम्र में 7 साल का अंतर है। एक्ट्रेस अपने पति से 7 साल बड़ी हैं। हालांकि दोनों के रिश्ते पर उम्र का कोई असर नहीं पड़ा।

# ये है इंटरनेट पर रिलीज होने वाली पहली इंडियन फिल्म, 8 करोड़ बजट, कमाई हुई थी 30 करोड़

**मुंबई।** हमारे देश में हर साल हजारों फिल्में बनती हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि इंटरनेट पर रिलीज होने वाली पहली इंडियन फिल्म कौन सी थी। इंटरनेट पर रिलीज हुई पहली इंडियन फिल्म करीब 18 साल पहले आई थी। आपको बता दें कि यह फिल्म थी 'विवाह'। ये फिल्म साल 2006 में रिलीज हुई थी और हिट साबित हुई थी। 'विवाह' थिएटर के साथ ही इंटरनेट पर भी रिलीज हुई थी। विवाह ये कारनामा करने वाली पहली इंडियन फिल्म थी।

***शाहिद कपूर-अमृता राव ने निभाया था लीड रोल :*** फिल्म 'विवाह' साल 2006 में रिलीज हुई थी। फिल्म में अहम किरदारों में मशहूर एक्टर शाहिद कपूर और एक्ट्रेस अमृता राव नजर आई थीं। फिल्म में आलोक नाथ, अमृता प्रकाश, अनुपम खेर, समीर सोनी, लता सभरवाल और मनोज जोशी ने भी अहम रोल अदा किया था। इसका म्यूजिक दिवंगत म्यूजिक कंपोजर रवीन्द्र जैन ने दिया था। वहीं फिल्म का डायरेक्शन सूरज बड़जात्या ने किया था।



### 'विवाह' का बजट और बॉक्स ऑफिस कलेक्शन


सूरज बड़जात्या की इस फिल्म का बजट सिर्फ 8 करोड़ रुपये था। वहीं फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म की रिलीज से पहले कहा गया था कि 'विवाह' फ्लॉप हो जाएगी। हालांकि इसकी कहानी और किरदारों ने दर्शकों का दिल जीत लिया था। विवाह टिकट खिड़की पर हिट रही थी।

### असल जिंदगी में किनसे हुआ शाहिद और अमृता का विवाह

विवाह में शाहिद कपूर और अमृता राव पति-पत्नी के रोल में नजर आए थे। दोनों की प्रेम कहानी ने फिल्म में जान डाल दी थी लेकिन क्या आपको पता है कि असल जिंदगी में शाहिद कपूर और अमृता राव का विवाह किनसे हुआ है? शाहिद ने मीरा राजपूत से साल 2015 में शादी की थी। वहीं अमृता ने साल 2016 में आरजे अनमोल से ब्याह रचाया था।

# प्रभास की 350 करोड़ में बनने वाली फिल्म फौजी

**मुंबई।** प्रभास की 'कल्कि' इतिहास रचते हुए बॉक्स आफिस पर 1000 करोड़ कमाने वाली कुछ चुनिंदा इंडियन फिल्मों में शुमार हो गई। अब प्रभास अपनी नई पीरियड एक्शन ड्रामा फिल्म को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। हाल ही में हैदराबाद में इस फिल्म की पूजा सेरेमनी रखी गई। इसकी शूटिंग जल्द ही शुरू हो सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभास की आने वाली फिल्म का नाम 'फौजी' हो सकता है। 350 करोड़ के बजट के साथ ये एक ग्रैंड फिल्म बनने जा रही है। लीडिंग लेडी को लेकर ऐसे भी कयास लगाए जा रहे हैं कि इसमें एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस की भी एंट्री हो सकती है।



# टकराएंगी नानी और थलपति की फिल्में

**मुंबई।** साउथ इंडियन सिनेमा के दो बड़े सुपरस्टार नानी और थलपति विजय की फिल्में जल्द ही रिलीज होने वाली हैं। आने वाले दो हफ्तों में टॉलीवुड के स्टार नानी की 'सारिपोधा सानिवारम' और कॉलीवुड के स्टार थलपति विजय की 'द गोट' अलग-अलग दिन थिएटर में रिलीज होंगी। दोनों फिल्मों को कई भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। 'सारिपोधा सानिवारम' को विवेक अथरेया ने डायरेक्ट किया है, जो कि 29 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। ठीक उससे एक हफ्ते बाद यानी 5 सितंबर को वेंकट प्रभु के डायरेक्शन में बनी 'द गोट' रिलीज होगी। दिलचस्प बात सामने आई है कि दोनों ही फिल्मों का रनटाइम लगभग 3 घंटे होगा। जिसमें से 'द गोट' का रनटाइम 2 घंटे और 59 मिनट है, वहीं 'सारिपोधा सानिवारम' का रनटाइम 2 घंटे और 50 मिनट होगा। दोनों ही फिल्मों के लिए फैन्स के बीच गजब का क्रेज देखने को मिल रहा है। कमाल की बात ये है कि ये दोनों ही एक्शन फिल्में हैं। दोनों ही फिल्मों ने अपनी सेंसर फॉर्मेलिटी पूरी कर ली है और दोनों ने सेंसर बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन भी ले लिया है।




# फिर भारत आने वाली हैं पॉप स्टार

**मुंबई।** मशहूर पॉप सिंगर दुआ लीपा एक बार फिर भारत आने वाली हैं। इससे पहले वो दिसंबर 2023 में आई थीं। दुआ जोमैटो के फीडिंग इंडिया कॉन्सर्ट में परफॉर्म करने के लिए आ रही हैं। 28 साल की उम्र ने दुआ ने दुनियाभर में एक अलग पहचान बना ली है। यह कॉन्सर्ट 30 नवंबर को मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के एमएमआरडीए ग्राउंड में होगा। कॉन्सर्ट के लिए प्री-सेल टिकट 27 अगस्त की दोपहर से 29 अगस्त तक उपलब्ध रहेंगे। वहीं इसके बाद, टिकट 29 अगस्त से खरीद के लिए मौजूद होंगे। हालांकि टिकट का प्राइस कितना होगा इस बात की अभी जानकारी नहीं है। पिछले साल टिकटों की कीमत 2,999 रुपये से लेकर 19,999 रुपये तक थी। ऐसे में इस साल भी इसी के आसपास कीमत होने की उम्मीद है। जोमैटो के सीईओ दीपिंदर गोयल ने इस बात का खुलासा किया है। देश भर में यह कॉन्सर्ट भूख और कुपोषण से निपटने के उद्देश्य से आयोजित किया जाता है।



# जिस घर में हुई शादी उसी को बेच रहीं

**मुंबई।** सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों काफी सुर्खियों में छाई हुई हैं। खबरें हैं कि एक्ट्रेस अपने मुंबई के आलीशान घर को बेच रही हैं। गौरतलब है कि एक्ट्रेस ने बांद्रा वेस्ट में स्थित अपने इसी घर में 23 जून को अपने लव ऑफ लाइफ जहीर इकबाल से शादी भी की थी। वहीं शादी के कुछ दिनों बाद ही सोनाक्षी के अपने घर को बेचने की खबरों ने सभी को हैरान कर दिया है और हर कोई इसकी वजह जानना चाहता है। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक सोनाक्षी के एक करीबी सूत्र ने एक्ट्रेस के अपना घर बेचने की वजह का खुलासा किया है। सूत्र ने बताया सोनाक्षी ने उसी ब्लिडिंग में एक बड़ा अपार्टमेंट खरीदा है जिसे जहीर डेवलेप कर रहे हैं। बता दें कि सोनाक्षी के मिस्टर हसबैंड जहीर इकबाल ने 'द नोटबुक; (2019) से बॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। उनकी फैमली का एक कंस्ट्रक्शन बिजनेस है। हालांकि एक्ट्रेस का इसे लेकर कोई रिएक्शन नहीं आया है।




epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**कारवाशिंग मैन**

आवश्यकता है- DS कार वाशिंग एण्ड कार केयर में वाशिंग मैन एवं हेल्पर, मिस्त्री लड़कों की आवश्यकता है। वेतन- योग्यतानुसार संपर्क करें- जगन्नाथ चौक कोटा गुढ़ियारी रोड रायपुर मो. 7089829272 (RO-6467)

**रिसेप्शनिस्ट**

आवश्यकता है- क्लिनिक रिसेप्शन संभालने हेतु स्टाफ की आवश्यकता है 10वीं 12वीं पास, हिसाब करना आना चाहिए, फ्रेशर स्टाफ की आवश्यकता है, पता - गोवर्धन होम्योपैथी एंड कॉस्मेटोलॉजी क्लिनिक पुराना राजेंद्र नगर रायपुर छत्तीसगढ़ +91 7470833033. (RO-398)

हरिभूमि

**ठेकेदार/वेल्डर**

आवश्यकता है- सपना इण्डस्ट्रीज में ट्रेक्टर ट्राली बनाने हेतु ट्राली ठेकेदार एंव 2 वेल्डर कि आवश्यकता है। पता भाठागांव चौक के पास रिंग रोड नं.-1 रायपुर छ.ग. संपर्क करें- 94252-08090.(RO-6462)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड होलसेल कपड़ा दुकान में कार्य हेतु अनुभव/बिना अनुभवी लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क वैभव ट्रेडिंग कंपनी R-6/7 होलसेल मार्केट पुलगांव दुर्ग 8818840800 संपर्क समय 11से 5 तक (आरो नं - 270)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु अनुभवी लड़को की आवश्कता है संपर्क करे नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर मो. 9300188811 (RO-4447)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर (RO-398)

आवश्यकता है- रिटेल फुटवियर शो रूम में कार्य करने हेतु सेल्समैन, सेल्सगर्ल एवं हेल्परो की आवश्यकता है। केवल फुटवेयर लाइन के अनुभवी ही संपर्क करे:- लखानी शू एम्पोरियम, रेलवे स्टेशन के सामने, रायपुर, 8965950000. (RO-397)

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान में सामान लाने ले जाने के लिए जरूरतमंद लड़को की आवश्यकता है । संपर्क करे भाव्या ट्रेडर्स नवभारत प्रेस के सामने शहीद स्मारक कॉम्प्लेक्स रायपुर मो 88159 95939, 8818833330. (RO-15)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़कियों महिलाओं की आवश्यकता है सैलरी 5000+ कमीशन+बोनस ट्रेनिग के बाद कमाए 15,000 से ज्यादा गोल चौक DDU नगर रायपुर +91 7417779219. (RO-6466)

आवश्यकता है- आफिस के सम्पूर्ण कार्य हेतु कुशल अनुभवी युवक/ युवती एवं, कार ड्राईवर की आवश्यकता है। संपर्क करे- अरिहंत फाइनेंस गणेश राम नगर मालवीय रोड रायपुर 7974434700 मिलने का समय 3 से 6 (RO-1744)

**कम्प्युटर/ऑपरेटर**

आवश्यकता है- मेडिकल सीएंडएफ (दवाई के होलसेल डिपो) में बिलिंग कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर (युवक / युवती) की आवश्यकता है। अनुभवी ही मिले : नरेंद्र फार्मा डंगनिया 9425542077, 9669426111.(RO-301)

**कुक/वेटर/केप्टन**

आवश्यकता है- इंडियन कुक-2, तंदुरी-2, किचन हेल्पर-2, वेटर-2, केप्टन-2, सफाईकर्मी-2, (महिला/पुरूष) की आवश्यकता है। पता-द गोल्डन ढाबा रायपुर-बिलासपुर हाईवे नियर टोल प्लाजा तरपोंगी । संपर्क करें:-मो.- 98271-66974, 95222-17771.(आरो न.-568)

हरिभूमि

**अन्य**

आवश्यकता है- Fraud कॉल से सावधान Airtel 5G कंपनी मे घरबैठे पार्ट/ फुलटाईम (SMS जॉब ) करके लड़के, लड़कियों , गृहणियां कमाए ( 18000-55000)/- महिना लैपटॉप +मोबाइल मुफ्त Call/ SMS/ WhatsApp/ करें - 07903284986 (RO-431)

**Business व्यापार**

व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871. (RO-2894)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्लेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.(RO-13135)

**Property प्रापर्टी**

**प्लाट**

बेचना है - पूर्व मुखी छोटा कमर्शियल प्लाट 12600 वर्गफिट बेचना है साइज 52×241 पुराना धमतरी हाइवे रोड मे कल्पवृक्ष जैन ब्रिक्स के सामने ग्राम छछानपैरी, रायपुर कृपया दलाल सम्पर्क ना करें 9752473779. (RO-35182)

**For Rent किराया**

किराए से लेना है- वेयरहाउस कि आवश्यकता है अर्जेंट पैकेजिंग यूनिट के लिये २०००-२५०० sqft एरिया के २ वेयरहाउस किराए से लेने कि आवश्यकता है । बजट : ६-७ rs/sqft स्थान : रायपुर ग्रामीण, रायपुर नगर निगम सीमा के बाहर, जिला रायपुर । कांटेक्ट : - +91 8269255856 ,| +91 91 79 1310 02 (RO-6465)

किराये से देना है- होटल, ढाबा किराए से देना है। पता:- रायपुर-बिलासपुर हाईवे नियर टोल प्लाजा तरपोंगी । संपर्क करें - मो.- 98271-66974, 95222-17771. (आरो न.-567)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare







हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी... CLASSIFIED RATE CARD 15 जुलाई 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

Colour 20% Extra Charge For Disply

SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.

ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.

5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3 Scheme

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph: 0771-4242242, Mob: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

# जोकोविच की निगाह रिकॉर्ड 25वें ग्रैंड स्लैम खिताब पर, आज से शुरू हो रहा अमेरिकी ओपन

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क।

पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद उत्साह से भरे नोवाक जोकोविच सोमवार से यहां शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में रिकॉर्ड 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेंगे। जोकोविच ने पेरिस में पुरुष एकल में स्वर्ण पदक जीता। उनके नाम पर 24 ग्रैंड स्लैम सहित कुल 99 खिताब दर्ज हैं और वह यहां अपने खिताबों का शतक पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा सबसे अधिक सप्ताह तक विश्व का नंबर एक खिलाड़ी बने रहने का रिकॉर्ड भी जोकोविच के नाम पर है।



### अभी टेनिस बाकी

'लोग मुझसे पूछते हैं कि अब तो आपने स्वर्ण पदक भी जीत लिया है तो फिर अब हासिल करने के लिए क्या बचा है लेकिन मेरे अंदर अब भी प्रतिस्पर्धा करने की भावना है। मैं आगे भी इतिहास बनाना चाहता हूं और अपने करियर के इस दौर का पूरा आनंद लेना चाहता हूं।'

- नोवाक जोकोविच

### फेडरर के रिकॉर्ड पर नजर

अमेरिकी ओपन में रोजर फेडरर के बाद कोई भी खिलाड़ी लगातार टूर्नामेंट नहीं जीत पाया है और अब जोकोविच के पास यह मौका है। फेडरर ने 2004 से लेकर 2008 तक लगातार पांच खिताब जीते थे। जोकोविच को इस बार दूसरी वरीयता दी गई है।

### अल्बोट से होगा पहले दौर में सामना



सर्बिया के इस 37 वर्षीय खिलाड़ी का अमेरिकी ओपन के पहले दौर में सामना मोल्दोवा के 138वीं रैंकिंग वाले राडू अल्बोट से होगा। जोकोविच को स्पेन के 21 वर्षीय कार्लोस अल्कराज से कड़ी चुनौती मिलने की संभावना है, लेकिन वह अमेरिकी ओपन में अपना पांचवा खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### रिकॉर्ड ब्रेक करने पर नजर

मार्गरेट कोर्ट के 24 ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड को पीछे छोड़ने और ऑल-टाइम ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड का एकमात्र स्वामित्व का दावा करने के अपने प्रयास की तैयारी के लिए, जोकोविच ने मॉन्ट्रियल और सिनसिनाटी में यूएस ओपन ट्यून-अप टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया है, ताकि खुद को रिचार्ज करने और फ्लशिंग मीडोज में आगामी चुनौती पर ध्यान केंद्रित करने का समय मिल सके।



## नोस्कोवा ने जीता पहला डब्लूटीए टूर खिताब



मॉन्टेरी। छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा ने लुलु सन को 7-6 (6) 6-4 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपना पहला डब्लूटीए टूर खिताब जीता। इस तरह से नोस्कोवा ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन के पहले दौर में सन से सीधे सेटों में मिली हार का बदला ले लिया। चेक गणराज्य की यह 19 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी। उन्होंने यहां खिताब जीतकर सोमवार से शुरू होने वाले अमेरिकी ओपन के लिए अपनी पुख्ता तैयारी का सबूत भी पेश किया। अमेरिकी ओपन में उनका पहला मुकाबला मंगलवार को 30वीं वरीयता प्राप्त यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा। इससे पहले चीन की हन्यू गुओ और रोमानिया की मोनिका निकुलेस्कू ने मैक्सिको की गिउलिआना ओल्मोस और रूस की एलेक्जेंड्रा पानोवा की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को 3-6, 6-3, 10-4 से हराकर युगल खिताब जीता।

### खबर संक्षेप

#### फातिमा सना को मिली पाकिस्तान की कमान

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 22 वर्षीय फातिमा सना को तीन से 20 अक्टूबर तक संयुक्त अरब अमीरात में होने वाले आगामी आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के लिए निदा डार की जगह कप्तान नियुक्त किया है। निदा (37 वर्ष) अभी खराब फॉर्म से गुजर रही हैं। चयनकर्ताओं ने हालांकि निदा को टीम में बरकरार रखा है। टीम : फातिमा सना (कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, गुल फिरोजा, इरम जावेद, मुनीबा अली (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, निदा डार, ओमाइमा सोहेल, सदफ शमास, सादिया इकबाल (फिट होने पर), सिदरा अमीन, सईदा अरूब शाह, तस्मिया रुबाब और तुबा हसन रिजर्वः नजीहा अल्वी (विकेटकीपर)।



#### किंग्स ने दिल्ली लायंस को 10 विकेट से हराया

**नई दिल्ली।** गेंदबाजों के अनुशासित प्रयास के बाद ध्रुव कौशिक के नाबाद अर्धशतक की मदद से सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग में वेस्ट दिल्ली लायंस को 10 विकेट से हरा दिया। सेंट्रल दिल्ली किंग्स के सामने 124 रन का मामूली लक्ष्य था जो उसने सलामी बल्लेबाज ध्रुव (52 गेंदों में नाबाद 68 रन) और लक्ष्य थरेजा (37 गेंदों में नाबाद 46 रन) के शानदार प्रदर्शन से 14.5 ओवर में हासिल कर दिया।

टेस्ट

### बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया

# पाकिस्तान की घर में शर्मनाक हार बांग्लादेश ने पहली बार दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| रावलपिंडी

रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने पाकिस्तान को 10 विकेट से हराया। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने इतिहास रच दिया। बांग्लादेश ने पहली बार पाकिस्तान को टेस्ट क्रिकेट में हराया है। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 13 टेस्ट मैच खेले गए थे। पाकिस्तान ने 12 में जीत दर्ज की थी और 1 मुकाबला ड्रॉ रहा था।

पारी घोषित करने के बाद बांग्लादेश से हारने वाली पाकिस्तान पहली टीम बनी है। पाकिस्तान घर पर पिछले 9 टेस्ट में नहीं जीता है। इनमें 4 मुकाबले ड्रॉ भी रहे हैं। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड ने पाकिस्तान को घर पर टेस्ट सीरीज में हराया था। साथ ही न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज ड्रॉ रही थी।मुकाबले की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पाकिस्तान ने पहली पारी 448-6 पर घोषित कर दी। जवाब में बांग्लादेश की पहली पारी 565 रन पर सिमट गई। पाकिस्तान टीम दूसरी पारी में 146 रन पर ढेर हो गई। ऐसे में बांग्लादेश को दूसरी पारी में जीत के लिए 30 रन का टारगेट मिला। बांग्लादेश टीम ने इस टारगेट को आसानी से चेज कर लिया।

■ घर पर पिछले 9 टेस्ट नहीं जीती पाकिस्तान टीम



### मेहदी हसन ने झटके 4 विकेट

इससे पहले चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक पाकिस्तान ने दूसरी पारी में 1 विकेट खोकर 23 रन बना लिए थे। 5वें दिन बांग्लादेशी गेंदबाजों ने पाकिस्तानी बल्लेबाजों को क्रीज पर टिकने ही नहीं दिया। मोहम्मद रिजवान के अर्धशतक के अलावा किसी भी पाकिस्तान बल्लेबाज ने रन नहीं बनाए। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने 4 विकेट चटकाए। उनके अलावा शाकिब अल हसन ने 3 और शोरफुल इस्लाम, हसन महमूद, नाहिद राणा ने 1-1 शिकार किया।

### रहीम ने ठोका शतक

पाकिस्तान की पहली पारी में सऊद शकील ने 261 गेंदों पर 141 रन और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने 239 गेंदों पर नाबाद 171 रन की पारी खेली। जवाब में बांग्लादेश की ओर से मुशिफकुर रहीम ने अहम पारी खेली। वह दोहरे शतक से चूक गए। उन्होंने 341 गेंदों पर 191 रन बनाए। अपनी इस पारी में अनुभवी बल्लेबाज ने 22 चौके और 1 छक्का लगाया। उनके अलावा शादमान इस्लाम ने 93, लिटन दास ने 56, मेहदी हसन मिराज ने 77 रन बनाए।




### बाढ़ पीड़ितों को दान की पुरस्कार राशि

पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 10 विकेट से हराने वाले मुशिफकुर रहीम ने अपनी 191 रनों की शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता। उन्होंने अपनी इनामी राशि बाढ़ प्रभावित बांग्लादेश के लोगों को दान करने का फैसला किया। मुशिफकुर रहीम ने प्लेयर ऑफ दे मैच का अवॉर्ड मिलने के समय होने वाले इंटरव्यू में ही पुरस्कार राशि दान करने का ऐलान किया। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर 3 लाख पाकिस्तानी रुपए प्राइज मनी के रूप में मिला। बांग्लादेशी करेंसी के हिसाब से इसकी वैल्यू करीब 1 लाख 29 हजार रुपये होगी। रहीम ने कहा, 'मैं एक घोषणा करना चाहता हूं, मैं अपनी पुरस्कार राशि बांग्लादेश में बाढ़ से जूझ रहे लोगों को दान करना चाहता हूं।'

## शारीरिक आकलन के लिए लक्ष्य सेन ऑस्ट्रिया रवाना



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व बैडमिंटन महासंघ के सर्किट पर आगामी टूर्नामेंटों के लिए सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में रहने के लक्ष्य के साथ भारत के लक्ष्य सेन रविवार को अपने शरीर के विस्तृत आकलन के लिए ऑस्ट्रिया रवाना हुए। पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के करीब पहुंचने के बाद चौथे स्थान पर रहे अल्मोड़ा के 22 वर्षीय लक्ष्य के साल्जबर्ग में 'रेड बुल एथलीट परफोर्मेंस सेंटर' में कई परीक्षण की मदद से विस्तृत आकलन होगा जिससे कि उनकी फिटनेस और खेल को बेहतर किया जा सके। विमल ने कहा, 'लक्ष्य शारीरिक आकलन के लिए ऑस्ट्रिया जा रहा है। वहां एक अच्छा खेल संस्थान है जहां वह कुछ शारीरिक एक्सरसाइज करना चाहता है। वह आज रवाना हो गया और एक हफ्ते में लौट आएगा।'लक्ष्य के साथ उनके ट्रेनर गौरव और उत्तराखंड के 15 वर्षीय जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी निश्चल चंद भी गए हैं जो उन्हें सप्ताह भर खेल से जुड़ी जानकारी रखने में मदद करते हैं।

### निशानेबाज मनु भाकर का उनके गांव में स्वागत

चडीगढ़। पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली निशानेबाज मनु भाकर रविवार को हरियाणा के झज्जर जिले में अपने गांव गोरिया पहुंचीं जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। मनु ने पेरिस ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत सिंह के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते थे। मनु स्वतंत्रता के बाद के युग में एक ही ओलंपिक खेलों में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट हैं। गांव पहुंचने पर उनका स्वागत फूल मालाओं से किया गया। वह अपने गांव के स्कूल भी गईं।



बैडमिंटन

## तन्वी ने जीता एशियाई अंडर-15 का खिताब



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय खिलाड़ी तन्वी पत्री ने चीन के चेंग्दू में रविवार को खेले गए फाइनल में वियतनाम की थि थू हुयेन गुयेन को सीधे गेम में हराकर बैडमिंटन एशिया अंडर-17 एवं अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 वर्ग में लड़कियों का एकल खिताब जीता। शीर्ष वरीयता प्राप्त 13 वर्षीय तन्वी ने 34 मिनट तक चले फाइनल मुकाबले में अपनी दूसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी पर 22-20, 21-11 से जीत हासिल की।


तन्वी इस जीत से सामिया इमाद फारूकी और तस्नीम मीर की सूची में शामिल हो गईं, जिन्होंने क्रमशः 2017 और 2019 में अंडर-15 लड़कियों का एकल खिताब जीता था। तन्वी ने पूरे टूर्नामेंट में अपना दबदबा बनाए रखा और उन्होंने जो पांच मैच खेले उनमें एक भी गेम नहीं हारा।

■ फाइनल में गुयेन को 22-20, 21-11 से हराया

### स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा

फाइनल के पहले गेम में तन्वी एक समय 11-17 से पीछे चल रही थी लेकिन इसके बाद वियतनाम की खिलाड़ी ने कई गलतियां की जिसका फायदा उठाकर भारतीय खिलाड़ी पहला गेम अपने नाम पर करने में सफल रही। तन्वी ने दूसरे गेम में अपनी प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया और मैच जीत कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस तरह से भारत ने इस प्रतियोगिता में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीता। ज्ञान दत्तू टीटी ने शनिवार को अंडर-17 वर्ग में लड़कों की एकल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था।

### सिंधू जैसी प्रतिभाशाली है तन्वी : विमल



ओडिशा की रहने वाली तेरह वर्षीय तन्वी पत्री को लेकर पीपीबीए के निदेशक विमल कुमार ने कहा, 'वह लगभग आठ या नौ साल की थी जब वह चीन से भारत आई और 2022 में अकादमी से जुड़ी। वह मुझे सिंधू की याद दिलाती है जब वह जूनियर वर्ग में खेला करती थी। कम उम्र में मैच जीतने की क्षमता अच्छा संकेत है। उसे अभी लंबा सफर तय करना है लेकिन जिस तरह से वह खेलती है उसे देखते हुए उसमें काफी संभावनाएं हैं। वह अपने आयु वर्ग के खिलाड़ियों से काफी आगे हैं। पिछले छह महीनों में उसने अंडर-17 टूर्नामेंट जीते हैं और कई सीनियर खिलाड़ियों को हराया है, जिसमें वर्तमान राष्ट्रीय चैंपियनशिप फाइनलिस्ट तन्वी शर्मा भी शामिल हैं।'

### शुभंकर डच गोल्फ में संयुक्त 11वें स्थान पर



आरहस। भारत के शुभंकर शर्मा ने अपने तीसरे राउंड में दो ईगल लगाए, लेकिन इसके साथ ही एक डबल बोगी भी की, जिससे वह डेनिश गोल्फ चैंपियनशिप में तीसरे दिन दो अंडर 69 का कार्ड खेल कर संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। शुभंकर ने पहले दो राउंड में भी 69 का स्कोर किया था और तीसरे दौर के बाद उनका कुल स्कोर छह अंडर है। वह शीर्ष पर चल रहे लुकास बेजरेगार्ड से छह स्ट्रोक पीछे हैं। भारतीय स्टार ने ईगल के साथ शुरुआत की और उसके बाद बर्डी लगाई।

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का हेलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

# गोविंदपुर में तेंदुए का आतंक, कोठे की 3 बकरियों पर किया हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर कांकेर की सीमा से लगे गोविंदपुर में तेंदुआ की चहलकदमी बढ़ गई है, बीती रात को किसान के घर में बकरियों पर हमला बोलकर उनको मार दिया, इस घटना से गोविंदुपर में हडकंप मच गया और सुबह से लोगों का घटना को देखने को लेकर भीड़ जुट गई थी वहीं वन विभाग ने बकरी मालिक को मुआवजा पाने के लिए आवेदन करने का तरीका बताया वहीं तेंदुआ की इस घटना से दिनभर कई प्रकार की चर्चाएं होती रही। मुहल्लेवासियों की मानें तो इसके पहले भी एक दो बार गोविंदुपर में तेंदुआ रात को आ चुका है।

- वन विभाग ने इस इलाके में रात में अकेले भ्रमण नहीं करने की अपील की
- गांव में मुनादी कर ग्रामीणों को वन विभाग ने किया जागरूक



## कोठा के पास की पहाड़ी है तेंदुए का अड्डा

वन विभाग की जाँच पर पहुँची टीम ने बताया कि कोठा के पीछे खेत और उससे कुछ दूरी पर अर्जुनी और गोविंदुपर की छोटी-छोटी पहाड़ी है, जहाँ पर तेंदुआ की उपस्थित देखी जा चुकी है। यहीं तेंदुआ माकड़ी की पहाड़ी की ओर भी भ्रमण करता रहता है। तेंदुआ रात में अपने रहवास से 2 से 3 किमी. तक भ्रमण करता रहता है और बकरी व गाय मिलने पर उस पर हमला बोल देता है। तेंदुआ के पैर का निशान केवल एक जगह ही दिखा है।

जानकारी के अनुसार लाईवलीहुड कॉलेज के पास गोविंदुपर में घर मालिक मनोज पाल ने बताया कि मेरे घर के पास जानवरों को बांधने का कोठा है। कोठा में सुबह सुबह गए तो वहां पर बकरी मृत पड़ी थी और कई जगह खून पड़ा था, वहीं एक बकरा गायब था। घर मालिक ने बताया कि मेरे अनुसार बीती रात को लगभग 1 से 2 के मध्य तेंदुआ घर में बाड़ी में घुसा होगा, जहाँ पर बकरी व अन्य पशु बंघे हुए थे। तेदुआ के हमल से 2 बकरी एक वर्ष वाली और दूसरी 5 माह वाली पर हमला कर दिया, इसके अलावा 2 वर्ष के बकरा पर भी हमला बोला और उसे उठाकर ले गया। तेदुआ के हमले और बकरी की आवाज रात को पता नहीं चल पाया। घर मालिक ने जब सुबह घटना को देखा तो आसपास के मुहल्लेवालों को बताया। इसके बाद वन विभाग को जानकारी दिया गया।

## वन विभाग ने कराई मुनादी

वन विभाग ने तेंदुआ की चहलकदमी होने से वन विभाग ने मुनादी करवाया है और रात को अकेले में घर से नहीं निकलने की हिदायत भी दिया है। वन विभाग का कहना है कि तेंदुआ पर नजर रखी जाएगी, क्योकि एक घटना के बाद उसके दुबारा आने की संभावना रहती है। इसलिए रात को हमारी टीम उस पर निगरानी भी करेगी।




## पूर्व सीएम भूपेश के साथ दुर्व्यवहार, एफआईआर

रायपुर (हरिभूमि न्यूज)। सिरसा गेट भिलाई-3 में शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ हुई घटना ने अब नया मोड़ ले लिया है। इस मामले को संज्ञान में लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री के सुरक्षा अधिकारी को फोन के माध्यम से घटना के बारे में लिखित में शिकायत देने के लिए कहा गया है। प्रार्थी प्लाटून कमांडर डामन सिंह देशमुख से थाना पुरानी भिलाई में लिखित आवेदन प्राप्त होते ही सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना दर्ज की गई है। अज्ञात 20-25 लोगों के विरुद्ध पुलिस ने अपराध क्रमांक 319/2024 धारा 126, 189(2), 221 बीएनएस का प्रकरण बनाते हुए उसे विवेचना में लिया है। प्रार्थी को बताया गया कि घटना के संबंध में वीडियो फूटेज उपलब्ध कराकर आरोपियों की पहचान में सहयोग करें।

## इस पेड़ की सुरक्षा में तैनात रहते हैं जवान रखरखाव पर खर्च होता है लाखों

मध्य प्रदेश के रायसिन जिले में एक ऐसा पेड़ है जिसकी सुरक्षा में हर समय एक जवान तैनात रहता है। जिले में मिलने वाला बोधी वृक्ष किसी वीवीआईपी से कम नहीं है। ऐसे में इस पेड़ की देखभाल के लिए भी विशेष टीम तैयार की गई है।



**श्रीलंका के राष्ट्रपति ने लगाया था :** इस पेड़ को 21 सितंबर 2012 को श्रीलंका के तात्कालीन राष्ट्रपति ने इस जगह पर लगाया था। राजपक्षे की ओर से लगाए गए इस पेड़ से बौद्ध धर्म की आस्था भी जुड़ी हुई है। यही वजह है कि इस पेड़ को शुभ, पवित्र और महत्वपूर्ण माना जाता है।







100 से ज्यादा किस्में

## केरल के मैंगो मैन ने अपने बाग में उगाए नीले-बैंगनी समेत कई रंगों के आम

तिरुवनंतपुरम। फलों का राजा कहलाए जाने वाला आम भारत के ज्यादातर लोगों का पसंदीदा होता है। देश में आम की 1,500 से ज्यादा किस्में पाई जाती हैं, जिन्हें विदेशों में निर्यात किया जाता है। आपने पीले, हरे और नारंगी आम तो खाए ही होंगे, लेकिन क्या अपने कभी नीले या बैंगनी आमों के बारे में सुना है? आपको जानकार हैरानी होगी कि केरल के रहने वाले एक व्यक्ति ने अपने बाग में 100 से ज्यादा किस्मों के आम उगाए हैं। सखिल थायिल केरल के त्रिस्सूर के रहने वाले हैं और पेशे से सूखे मेवों के विक्रेता हैं। आम से प्रेम के कारण उन्होंने 2019 में नादान मावुकल नामक एक फेसबुक समूह शुरू किया था, जिसमें अब 53,000 से अधिक सदस्य हैं। सखिल बस में सवार होकर आम की नई प्रजातियों की खोज करते हैं। जैसे ही उन्हें कोई नए प्रकार का आम का पेड़ नजर आता है, वह उसके मालिक से बात करते हैं। समूह के अन्य लोग बाइक या कार से आम खोजने जाते हैं।



### सखिल के नाम पर भी एक प्रजाति का नाम

दुखराना के अलावा सखिल ने बैंगनी और नीले रंग के अन्य आमों की भी खोज की और उन्हें थंबा और जिगु जिगु नाम दिया है। आम की अनूठी किस्मों में से एक का नाम सखिल के नाम पर रखा गया है, जिसे सखी कहते हैं। सखिल भविष्य में आमों की और भी प्रजातियां खोजने की आशा करते हैं।

**सखिल ने कुछ खास किस्में की विकसित :** सखिल द्वारा उगाई गई गोल्डन पोन्नस किस्म तिरुवनन्तपुरम में पाई जाती है। इसका नाम इसके रंग पर रखा गया है, जो कच्चे होने पर भी सुनहरे पीले रंग का होता है। वहीं, अरिया पलक्कड़ में पाई जाने वाली किस्म है, जो साल भर फल दे सकती है। बैंगनी रंग के आम के बारे में बताते हुए सखिल ने कहा कि इसकी खोज 18वीं सदी में एलियास चावारा कुरियाकोस नामक पुजारी ने की थी, जिन्होंने इसका नाम दुखराना रखा था।

तोड़ा खुद का विश्व रिकॉर्ड

## सिर्फ 8 घंटे में बनाया ऊंचा ताश के पत्तों का घर



नई दिल्ली। बचपन में सभी ने ताश के पत्तों से घर बनाने का प्रयास किया होगा, लेकिन वह हर बार गिर जाता था। हालांकि, अमेरिका के रहने वाले एक वास्तुकार ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दुनिया का सबसे लंबा ताश के पत्तों का घर बना डाला। उनकी इस कलाकृति के जरिए उन्होंने नया विश्व रिकॉर्ड कायम कर दिया है। इस व्यक्ति का नाम ब्रायन बर्ग है और वह कई सालों से अपने ही कायम किए हुए रिकॉर्ड तोड़ते रहते हैं। ब्रायन ने गिनीज बुक के निर्णायक थॉमस ब्रैडफोर्ड की निगरानी में यह कलाकृति तैयार की थी। ब्रायन ने पूरा घर बना लेने के बाद उसके शीर्ष पर फोल्डेबल फोन भी रखा था। फोन के भार के बावजूद भी उनकी कलाकृति टस से मस नहीं हुई।

**1992 से ब्रायन के नाम दर्ज है यह रिकॉर्ड :** रिकॉर्ड प्रयास के दौरान ब्रायन ने गति बनाए रखी और हर घंटे 5-6 मंजिलें तैयार कीं। 1992 से ही दुनिया के सबसे लंबे ताश के पत्तों के घर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन के नाम दर्ज है। वह अपना ही रिकॉर्ड कई बार तोड़कर नया रिकॉर्ड कायम कर चुके हैं। उन्होंने 2004 में दुनिया का सबसे बड़ा ताश का घर बनाया था और 2016 में 12 घंटे के अंदर दुनिया का सबसे लंबा ताश का घर बनाकर रिकॉर्ड कायम किया था।

### सीढ़ी पर चढ़कर तैयार किया 54 मंजिल ऊंचा घर

ब्रायन को एक पेशेवर कार्ड स्टेकर कहा जाता है, क्योंकि वह पहले भी ताश से कई कलाकृतियां बना चुके हैं। इस बार उन्होंने 8 घंटे में सबसे लंबा ताश के पत्तों का घर बनाया, जो 54 मंजिल ऊंचा था। ब्रायन को इसे पूरा करने के लिए सीढ़ी पर चढ़ना पड़ा था। उन्होंने इसे बनाने के लिए किसी भी तरह के गोंद या तारों का इस्तेमाल नहीं किया था। उनकी इमारत केवल ताश के पत्तों से ही तैयार की गई थी।




^नियम व शर्तें लागू। ##यह कैशबैक ऑफर केवल पाइन लैब्स की मशीनों के जरिए HDFC बैंक क्रेडिट कार्ड के इस्तेमाल से किए गए EMI लेन-देन के लिए हॉंडा के सभी टू-व्हीलर मॉडलों पर उपलब्ध है। ##ग्राहक 5% इंस्टेंट कैशबैक का लाभ उठा सकते हैं, जिसकी अधिकतम सीमा रु.5000 है। ##ऑफर अवधि के दौरान प्रति कार्ड/ऑर्डर एक लेन-देन पर मान्य है। ##यह कैशबैक ऑफर 31 अगस्त 2024 तक मान्य है। ##यह योजना केवल चुनिंदा आउटलेट्स में उपलब्ध है। **यह फाइनेंस ऑफर फाइनेंसर के नियमों और शर्तों के अधीन रहते हुए उनके एकमात्र निर्णय पर दिया जाएगा। तस्वीर में दिखाया गया उत्पाद बाजार में उपलब्ध वास्तविक उपलब्ध उत्पाद से भिन्न हो सकता है। तस्वीर में दिखाई गई एक्सेसरीज सामान्य उपकरण का हिस्सा नहीं हैं। *3 वर्ष की सामान्य और साथ ही मुफ्त विस्तृत वारंटी केवल एक्टिवा 110cc पर उपलब्ध है। *यह योजना केवल मुख्य डीलरों द्वारा पेश की गई है और इसका लाभ अधिकृत मुख्य डीलरों से एक्टिवा 110cc खरीद कर उठाया जा सकता है। *स्रोत: जून 2001 से जून 2024 तक की ब्रांड एक्टिवा की कुल बिक्री HMSI के आंतरिक डेटा पर आधारित है। *सेलिब्रेशन ऑफर केवल उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में लागू है। *नियम और शर्तें लागू।

**Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office:** Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) - 122050, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

**Honda Exclusive Authorized Dealerships: AARANG:** V Shree Honda - 9993908971, 9893728947; **ABHANPUR:** Patel Honda - 9009328660; **BAGBHARA:** Sri Sai Honda - 7697767777; **BALODA BAZAR:** Kiran Honda - 7049518181, 8839950369; **BASNA:** Laxmi Honda - 9174137571; **BEERGAON:** Vishwanath Honda - 9300133077; **PALARI:** Shri Ram Honda - 8305759763; **BEMETARA:** Sri Rama Honda - 8827050000, 7824222521, 8827120000; **BHAKARA:** Nitesh Honda - 9907975628; **BHATAPARA:** Kiran Honda - 9111353292; **BHILAI:** Aan Honda (Nehru Nagar) - 9584378238, 9826635600; Aan Honda (Powerhouse) - 9584378238, 9826635600; **BIJAPUR:** Ansh Honda - 9424299203; **CHARODA:** Rahul Honda - 9827193194; **CHARAMA:** Neeraj Honda - 9425230052; **CHUIKHADAN:** Shri Radhey Honda - 9691692500; **DALLIRAJHARA:** Shri Subh Honda - 7748285747, 9406082344; Shri Subh Honda(Balod)- 9425564232, 9584077772; **DHAMTARI:** ShriShyam Honda - 07722-233255, 9827900750; **DHARSIVA:** R S.Honda - 9669880000; **DONGARGARH:** Gagan Honda - 9806869214; **DURG:** Shree Sairam Honda - 0788-4017246, 0788-4017740, 9827349450; Dharamsheela Honda (Dhamdha) - 9303035678; **FINGESHWAR:** Bangani Honda- 9425402966; **GIDHORI:** Subhkamana Auto -7389320271; **GUNDERDEHI:** Sapan Honda - 7354340000, 0788-2628333; **GURUR:** Baba Honda - 9827936712; **JAGDALPUR:** Waheguru Honda - 7587006395, 9425590501, 8435090001; **KONDAGAON:** Danteshwari Honda - 9294566660; **SUKMA:** Akash Honda - 9424287457, 7587341845; **PHARASGAON:** Shri Deo Honda - 9993861735; **KANKER:** Shivnath Honda - 8720008800, 9644059600; **KASDOL:** Laxmi Honda - 8871233553; **KESHKAL:** Chattishgarh Honda - 9993293467; **KHAIRAGARH:** Akshat Honda - 9406534734; **KURUD:** Shri Shyam Honda - 07705223590, 8817898279; **MAGALOAD:** Dewangan Honda - 9098136447; **MAHASAMUND:** Sri Aryan Honda - 8120070000, 08964022000; **NAGRI:** Nahta Honda- 9424211105; **NAWAGARH:** Raja Honda - 9826067896; **PAKHANJUR:** Disha Honda - 6261666932, 9406453860, **PANDUKA (GARIABAND):** Shresth Honda - 8109902966; **RAIPUR:** A City Honda - 8871906000; G.K Honda - 8058254444, 9826142444; Grand Honda - 8889663336; Varun Honda - 9977248100; A City Honda (Bhatagaon) - 9644132000; A City Honda (Kalibadi) - 7828282600; Varun Honda (Fafadih) - 9617078000; GK Honda (Motibagh) - 8120730003; Hemant Honda (Nawapara, Rajim) - 9165460474; **RAJIM:** Gulab Honda - 8839708788; **RAJNANDGAON:** Anshdeep Honda - 07744-223100, 9425559359, 9303730201; Manraj Honda - 07744-223333, 8435999991, 8435999992; Rakesh Honda (Dongarhgaon) - 9893419781, 8815055550; Ashirwad Honda (Churiya) - 9826338415, 94242157777; Shyam Honda (Saragaon) - 8461930088; **SEJBAHAR:** R.S Honda - 9754123000; **KHARORA:** B.K Honda - 9867224777; **TILDA:** Agrawal Honda - 9424200104; **UTAI:** Ganpati Honda - 09926083389; **SARAIPALI:** Pukraj Honda - 8889798000.

**For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda2wheelersindia.com**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com